सतना
06 जुलाई 2026 सोमवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

**: ब्रीफ बॉक्स :**

## काशी-विश्वनाथ मंदिर गेट पर कार्बाइन से गोलियां चलीं

### जवान पकड़े था, अचानक फायर हुए



**वाराणसी,एजेंसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट पर शनिवार सुबह 6:44 बजे पर पीएसी जवान की कार्बाइन से फायरिंग हो गई। दो गोलियां चलीं। गनीमत रही कि गोलियां सीधे सड़क पर लगीं। इसके बाद सड़क की गिट्टी उखड़कर लगने से 3 लोग घायल हो गए।

अचानक भीड़ के बीच गोलियां चलने से वहां भगदड़ जैसा माहौल हो गया।

कुछ देर किसी को समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। गोलियों की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। लोगों को बताया कि गलती से गोलियां चल गई हैं। बाकी, सब ठीक है। घटना का 57 सेकेंड का सीसीटीवी

### अमेरिका में आजादी के 250 साल का जश्न

## ट्रम्प बोले- अमेरिका को कम्युनिज्म नहीं चाहिए




**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिका ने शनिवार को आजादी के 250 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस मौके पर देशभर में भव्य समारोह आयोजित किए।

मुख्य कार्यक्रम वॉशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल में हुआ, जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। बारिश और आंधी-तूफान के कारण कार्यक्रम में देरी हुई, लेकिन मौसम साफ होने के बाद समारोह शुरू हुआ।

अपने संबोधन में ट्रम्प ने कम्युनिज्म पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'हम अपने देश में कम्युनिस्टों को नहीं चाहते। कम्युनिज्म हमेशा हारता आया है और आगे भी हारेगा। यह अमेरिकी व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत है।' ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों ने दुनिया भर में कम्युनिज्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, ताकि यह विचारधारा कभी अमेरिका के भीतर जगह न बना सके।

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर बहादुरगढ़ में ढेर



**नई दिल्ली/ बहादुरगढ़, एजेंसी।** लॉरेंस बिश्नोई-हरिराम उर्फ हैरी बॉक्सर-अनिल पंडित गिरोह के दो इनामी शूटर आज सुबह यहां पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। इनकी पहचान प्रवेश और हिमांशु के रूप में हुई है। दोनों हांसी में जिम संचालक कपिल की हत्या में शामिल थे। दोनों पर हरियाणा पुलिस ने एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ के दौरान स्पेशल सेल का एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया। उसका इलाज चल रहा है। इसकी पुष्टि हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विक्रांत भूषण ने की। यह सफलता दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ के संयुक्त अभियान में मिली। पुलिस अधिकारी भूषण ने बताया कि हांसी में पिछले महीने जिम संचालक कपिल की दो अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी।

### मथुरा में 9 अगस्त को कार सेवा का ऐलान

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि हमारी है, इसे लेकर रहेंगे' :चित्रगुप्त पीठाधीश्वर




**मथुरा,एजेंसी।** मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास बने गुंबद को हटाने की मांग तेज हो गई है। चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने इसे विवादित बताया है। इसे हटाने के लिए 9 अगस्त को कार सेवा का ऐलान किया है। शनिवार शाम 4 बजे पोस्टर एक पोस्टर भी जारी किया। इस अभियान के समर्थन में स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने पोस्टर जारी किया है। सनातनी हिंदुओं से श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचने की अपील की है। पोस्टर में जन्मभूमि मुक्ति को धर्म, अधिकार और संकल्प बताते हुए 9 अगस्त सुबह 10 बजे मथुरा आने का आह्वान किया गया है।

स्वामी सच्चिदानंद के इस ऐलान को कई साधु-संतों और निर्मोही अखाड़े का समर्थन भी मिला है। संतों ने आंदोलन में कार सेवा का समर्थन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति अभियान में शामिल होने की अपील की है।

संत सच्चिदानंद महाराज ने पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में लिखा है- श्रीकृष्ण जन्मभूमि हमारी है, इसे लेकर रहेंगे। इसके साथ ही पोस्टर में 9 अगस्त 2026, चलो श्रीकृष्ण जन्मभूमि का आह्वान किया गया है। पोस्टर में आगे लिखा है- प्रभु श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मुक्ति हेतु छोड़ो कृष्ण जन्मभूमि, आ रहे भगवाधारी। इसके अलावा पोस्टर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि हमारा धर्म, हमारा अधिकार, हमारा संकल्प' का संदेश भी दिया गया है। पोस्टर के माध्यम से लोगों से 9 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की गई है।

## ममता बोलीं: मुझे रोकना है तो मारना पड़ेगा

### ● गद्दारी की भी एक सीमा होती है ● बागी नेताओं को चुनौती- हिम्मत है तो भाजपा में शामिल हो



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (TMC) में जारी बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा। अगर मुझे रोकना है तो मुझे मारना पड़ेगा।


ममता ने बागी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर हिम्मत है तो खुलकर BJP में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं? मैं जनता के बीच पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर जाऊंगी, मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता।' उन्होंने आरोप लगाया कि बागी नेता अब खुलकर BJP के लिए काम कर रहे हैं। ममता ने कहा, 'गद्दारी की भी एक सीमा होती है।' ममता का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पार्टी के 20 सांसद और 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

शनिवार को टीएमसी की पश्चिम बंगाल अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में वह बागी गुट के नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी के साथ नजर आईं।

**ममता बोलीं- जिस पार्टी के दम पर चुनाव जीते, अब उसी से गद्दारी कर रहे...** पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि जिन नेताओं ने उनके पार्टी सिंबल पर चुनाव जीता, वही अब कह रहे हैं कि 2023 के बाद पार्टी का अस्तित्व नहीं रहा। पार्टी ने ही उन्हें राजनीतिक पहचान दी, लेकिन अब वे उसी पार्टी के साथ विश्वासघात कर रहे हैं और खुले तौर पर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। अगर हिम्मत है तो खुलकर भाजपा में शामिल हो जाइए।

## राम मंदिर दान घोटाला: मोहन भागवत की दो टूक

### कहा-हर पापी को मिले सख्त सजा



**नागपुर,एजेंसी।** अयोध्या के राम मंदिर में महादान पर डाका पड़ा है। दान पेटी से हुई इस चोरी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। अब इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सीधी हुंकार भरी है। उन्होंने साफ कह दिया है कि इस महापाप के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। रविवार को नागपुर में मीडिया के सामने आते ही भागवत ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अलग से कोई घुमावदार बात नहीं की। भागवत ने सीधे तौर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बड़े बयान को आगे कर दिया। भागवत ने दो टूक कहा, 'कल ही दत्तात्रेय होसबाले जी ने इस पर पूरा बयान जारी किया है, आप सब उसे ही देखें।'

**करोड़ों भक्तों के सीने पर गहरा आघात:** होसबाले ने रामलला के दरबार में हुई इस हेराफेरी को अत्यंत निंदनीय बताया है। होसबाले ने कहा कि पीढ़ियों के खून-पसीने, संघर्ष और बलिदान से यह भव्य मंदिर बना है। यह पूरे हिंदू समाज की अटूट आस्था का केंद्र है। रामलला की दान पेटी पर हाथ साफ करने वालों ने सिर्फ पैसा नहीं चुराया, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के भरोसे का कत्ल किया है। इस नीच हरकत से पूरा समाज गहरे सदमे और गुस्से में है।

**जांच में अब तक क्या?** मामला बिगड़ा तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को तुरंत मैदान में उतरना पड़ा। राम जन्मभूमि ट्रस्ट की गुहार पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई। एसआईटी ने अपनी शुरुआती जांच की और 25 जून को केस दर्ज कर लिया। अब तक इस मामले में आठ आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। जांच की आंच इतनी तेज थी कि इसके लपेटे में बड़े नाम आ गए। नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देकर ट्रस्ट के सर्वेसर्वा चंपत राय और पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने तुरंत अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। सरकार ने जांच का दायरा बढ़ाने के लिए एसआईटी को 15 दिनों की मोहलत और दे दी है। संघ ने अब सीधे ट्रस्ट को चेताया है कि वह अपनी पूरी तिजोरी और प्रशासन के ढीले पेच कसे। साथ ही, भक्तों से संयम रखने की अपील की है ताकि देश विरोधी ताकतें इस दुखद घटना का फायदा न उठा सकें।

**मोहन भागवत ने और क्या-क्या कहा?** इस गर्मागर्म विवाद के बीच, भागवत नागपुर में 'सन्मार्ग माइंड वेलनेस' केंद्र के उद्घाटन में पहुंचे थे। वहां उन्होंने नई पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य और डिप्रेशन पर एक बेहद डरावना सच सामने रखा। भागवत ने चेतावनी दी कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम और परिवारों में बुजुर्गों के मार्गदर्शन की कमी के कारण हमारे बच्चे मानसिक रूप से बेहद कमजोर और नाजुक हो रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में 2 लश्कर आतंकी ढेर:

## एक पहलगाम हमले के बाद बनी हिट लिस्ट में शामिल था; शोपियां में 3 घंटे चला एनकाउंटर





**शोपियां,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां के सैदपोरा इलाके में शनिवार शाम से चल रही मुठभेड़ में लश्कर के 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षाबलों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के टॉप ऑपरेटिव थे।

एक आतंकी जाकिर अहमद गनी उन 14 आतंकियों की लिस्ट में शामिल था, जिसे पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने जारी किया था। दूसरा आतंकी जाकिर का साथी लतीफ भट है।

सुरक्षाबलों को शोपियां के सैदपोरा पायीन के पास छानपोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। घेराबंदी के दौरान जब जवान आतंकियों के ठिकाने के करीब पहुंचे तो उन्होंने फायरिंग कर दी।

मुठभेड़ 4 जुलाई की शाम 7:45 बजे शुरू हुई थी। अंधेरे के कारण एनकाउंटर और सर्च ऑपरेशन रात में रोक दिया गया था। अभी तक आतंकियों के शव भी बरामद नहीं हुए हैं।

**विक्टर फोर्स ने संभाला मोर्चा, आतंकी दिखे तो 4 गांव खाली कराए:** यह ऑपरेशन शुक्रवार दोपहर को शुरू किया गया था, जब सात गांव वाले मीमंदर इलाके के एक बाग में लगे सेना के कैमरे में ये दो आतंकी दिखाई दिए। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की कई टुकड़ियों की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और शाम तक 4 गांव खाली करा लिए। सेना की खास एंटी टेरेरिज्म यूनिट, 'विक्टर फोर्स' ने बाग के घने पेड़ों के बीच से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए और इलाके में रोशनी का इंतजाम भी किया। जब सेना के जवान उनकी ओर बढ़े तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में सेना ने भी प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई।

**रिपोर्ट्स में दावा- कुलगाम का रहने वाला था जाकिर...** सूत्रों के मुताबिक, कुलगाम के मुतलहम गांव के रहने वाले जाकिर अहमद गनी को सुरक्षा बलों ने कल दक्षिण कश्मीर के जिलों में दूसरे आतंकवादियों के साथ ट्रैक किया था।


## मानसून:महाराष्ट्र में वॉटरफॉल में फंसे 100 टूरिस्ट,रस्सी के सहारे रेस्क्यू

### ● वसई में 20 कारें डूबीं ● छत्तीसगढ़ में घरों में पानी घुसा ● गुजरात में कार बही



**मुंबई/ भोपाल/ लखनऊ/ पटना/ जयपुर, एजेंसी।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में जेनिथ वॉटरफॉल में अचानक पानी का लेवल बढ़ गया। जिसमें 100 टूरिस्ट फंस गए, रस्सी की मदद से उन्हें निकाला गया।

गुजरात के जूनागढ़ में कई इलाकों में 4 फीट तक पानी भर गया। सड़क पर नाव चलानी पड़ रही है। भावनगर में एक कार पानी में बह गई। उधर, महाराष्ट्र में




वसई के नालासोपारा में सड़क नदी जैसी बन गई। करीब 20 कारें उसमें डूब गईं। मुंबई में 64 पेड़ गिर गए और 8 मकानों की दीवारें ढह गईं।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में शनिवार रात आधे घंटे के भीतर ही 30 मिमी पानी बरसा। टाटीबंध में घरों में पानी भर गया।

**पुणे में भारी बारिश से सोसाइटी की दीवार गिरी, 14 गाड़ियां दबीं...** महाराष्ट्र के पुणे में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण रविवार सुबह कात्रज इलाके में एक रिहायशी सोसाइटी की कंपाउंड वॉल (चहारदीवारी) गिर गई। दीवार पार्किंग शेड

### ट्रम्प बोले: एक हमले में ईरानी लीडरशिप खत्म कर सकते थे

## तुम्हारे पास न सभ्यता, न सम्मान खामेनेई के जनाजे में उमड़े लाखों लोग: ईरान



**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि खामेनेई के अंतिम संस्कार में ईरान का पूरा शीर्ष नेतृत्व मौजूद था और अमेरिका चाहे तो एक ही हमले में सभी को खत्म कर सकता था।

एक्सिओस से बातचीत में ट्रम्प ने कहा, 'हालांकि मैंने कि ऐसा नहीं किया, क्योंकि फिर बातचीत के लिए कोई नहीं बचता।' ट्रम्प ने जनाजे में रो रहे लोगों पर भी तंज कसते हुए कहा कि शायद ये आंसू भी नकली हों। ट्रम्प के बयान पर ईरान ने पलटवार किया। आर्मेनिया स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'लोगों को मारा जा सकता है, लेकिन विचारों को नहीं। आपके पास न सभ्यता है, न इतिहास और न सम्मान।' दूसरी तरफ तेहरान के इमाम खुमैनी ग्रैंड मोसल्ला में खामेनेई के अंतिम दर्शन के लिए तीसरे दिन लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी है। इस दौरान 'डेथ टु अमेरिका' और 'डेथ टु इजराइल' के नारे लगे।

**पूर्व रूसी राष्ट्रपति बोले- ईरान के पास बाब-अल-मंदेब भी बड़ा हथियार...** रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि बाब–अल–मंदेब स्ट्रेट भी ईरान का बड़ा रणनीतिक हथियार है।

**ट्रम्प का दावा- ईरान को अंतिम संस्कार के लिए एक हफ्ते की मोहलत दी:** ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने मानवीय आधार पर ईरान को अंतिम संस्कार पूरा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बाद ईरान को अमेरिकी शर्तें माननी होंगी।

## पंडवानी गायिका तीजन बाई पंचतत्व में विलीन

### » नाना से प्रेरणा मिली, 13 की उम्र में पहली बार गाया

### राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंडवानी गायन को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन हो गया। वे 70 साल की थीं। उन्होंने शनिवार रात 3.15 बजे रायपुर एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं।

भारतीय लोक कला में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रविवार सुबह 11 बजे तीजन बाई के शव को उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। तीजन बाई ने अपनी सशक्त आवाज, प्रभावशाली अभिनय और अनोखी प्रस्तुति शैली से पंडवानी को देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में नई पहचान दिलाई। महाभारत की कथाओं को सुनाने की प्रेरणा उन्हें नाना से मिली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीजन बाई के निधन पर शोक जताया। उन्होंने 𝕏 पर लिखा, 'उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोक कला को अपनी भव्य प्रस्तुति से दुनियाभर में पहचान दिलाई। उनका जाना कला और संस्कृति जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।' छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी के जरिए उन्होंने देश-विदेश में राज्य का नाम रोशन किया।

## अमरनाथ यात्रा: 9 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन स्लॉट फुल

### ● प्रशासन बोला- रजिस्ट्रेशन नहीं तो यात्रा टालें ● नया कोटा मिलने तक चेकपॉइंट पर रुकना पड़ेगा





**पहलगाम/ बालटाल, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बिना रजिस्ट्रेशन करवाए अमरनाथ पहुंच रहे यात्रियों से कहा है कि वे अपनी यात्रा कुछ दिन के लिए टाल दें। प्रशासन के मुताबिक, 9 जुलाई तक सभी रजिस्ट्रेशन स्लॉट पूरी तरह भर चुके हैं। ऐसे में अगर कोई यात्री बिना रजिस्ट्रेशन बालटाल या पहलगाम रूट से आगे बढ़ने की कोशिश करेगा तो उसे चेक पॉइंट्स पर रोक दिया जाएगा। उसे 9 जुलाई के बाद ही आगे बढ़ने दिया जाएगा।

अधिकारियों ने कहा कि रविवार से केवल रजिस्टर्ड यात्री ही कश्मीर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्रियों को चेक पोस्ट पर रोक दिया जाएगा। उन्हें 9 जुलाई के बाद ही आगे बढ़ने मिलेगा। जम्मू डिविजनल कमिश्नर रमेश कुमार ने कहा कि 3 दिन में 13 हजार से ज्यादा रजिस्टर्ड यात्री बालटाल-पहलगाम रूट से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए बेस कैंप से रवाना किए जा चुके हैं।

3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा 28 अगस्त को खत्म होगी। 57 दिनों के दौरान 14किमी. लंबे बालटाल रूट और 48किमी. लंबे पहलगाम रूट से यात्री गुफा के लिए जाएंगे।

**यात्रा के 3 दिन में 4 जत्थे रवाना...** लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने 2 जुलाई को 4,822 यात्रियों का पहला जत्था रवाना किया था। दूसरे जत्थे में 3,865 यात्री शामिल थे, जबकि शनिवार को बेस कैंप से रवाना किए गए तीसरे जत्थे में 4,812 यात्री रवाना हुए। रविवार को चौथे जत्थे में 6721 श्रद्धालु शामिल हुए।

कुमार ने कहा कि प्रशासन ने पहले से रजिस्टर्ड यात्रियों के लिए RFID वितरण केंद्र बनाए हैं। यह मौके पर (तत्काल) रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी दे रहा है। पहले से रजिस्टर्ड यात्रियों की रवानगी पहले करवाई जाती है। अगर डेली कोटा बचता है, तब तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए दिया जाता है।

हालांकि, गुफा मंदिर के रास्ते में नाजुक भौगोलिक स्थिति, ग्लेशियर वाले इलाके और मौसम के कारण सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हर दिन जाने वाले यात्रियों की संख्या तय की जाती है। भारी भीड़ को संभालने के लिए, प्रशासन ने रजिस्ट्रेशन का इंतजार कर रहे लोगों को लगभग 12,000 टोकन बांटे हैं। टोकन सिस्टम से तीर्थयात्री अपनी तय रजिस्ट्रेशन तारीख पर वापस आ सकते हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से मिली आजादी, नई पीढ़ी को प्रेरित करने पर जोर – उप मुख्यमंत्री





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन के सम्मेलन का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान के कारण ही देश को आजादी प्राप्त हुई है उन्होंने कहा कि लाखों देशभक्तों ने भारत माता को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को गुलाम बनाने के लिए तुर्क, मुगल, डच, पुर्तगाली और अंग्रेज विभिन्न कालखंडों में आए लेकिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अनगिनत यातनाएं सहकर देश को स्वतंत्र कराया उन्होंने कहा कि आज उनके परिवारजनों का सम्मान करके गर्व की अनुभूति होती है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र और विश्वगुरु बनाने का संकल्प लिया है स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस समृद्ध और सशक्त भारत का सपना देखा था उसे वर्तमान सरकार के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है उन्होंने कहा कि भारत तेजी से विकास करते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है उप मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि 1893 में ही उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि 21वीं सदी भारत की होगी आज देश और प्रदेश में चल रहे विकास कार्य इस दिशा में साकार रूप ले रहे हैं उन्होंने जल जीवन मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है साथ ही गौपालन, प्राकृतिक खेती, कृषि सुधार और विषमुक्त अनाज उत्पादन के प्रयासों को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है जिसमें निःशुल्क अनाज, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं और पक्के मकान जैसी योजनाएं शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सभी जिलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यों और योगदान को प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नई पीढ़ी उनके बलिदान और इतिहास से परिचित हो सके। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया लेकिन उनके परिवारजन आज भी छोटे-छोटे कार्यों के लिए परेशान होते हैं। उन्होंने मांग रखी कि सभी जिला मुख्यालयों में संगठन के लिए भवन बनाए जाएं परिवारजनों को सम्मान निधि दी जाए तथा संसद में स्वतंत्रता सेनानी परिवारों से दो प्रतिनिधियों के नामांकन का प्रावधान किया जाए। सम्मेलन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भैया बहादुर सिंह को शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के अन्य सदस्यों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक चन्द्रसूर्या, सचिव कपूर सिंह दलाल, परमजीत सिंह, राजा भैया मिश्रा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. पद्मावती पाण्डेय, प्रसन्न सिंह, ममता पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## ई-टोकन व्यवस्था से उर्वरक वितरण में आई पारदर्शिता, किसानों को समय पर मिल रहा खाद

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर, सुगमता से एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली का प्रभावी संचालन किया जा रहा है उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अनुसार 15 जनवरी 2026 से लागू इस प्रणाली के माध्यम से जिले के सभी डबल लॉक केंद्रों एवं सहकारी समितियों में ई-टोकन के आधार पर उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है इस व्यवस्था से उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुव्यवस्था सुनिश्चित हुई है किसानों को अब लंबी कतारों, अनावश्यक भीड़ और वितरण में होने वाली अनियमितताओं से राहत मिली है ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनकी बारी के अनुसार निर्धारित समय पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे वितरण व्यवस्था अधिक व्यवस्थित हो गई है। उपसंचालक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरकों की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि किसी भी किसान को परेशानी न हो साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी किसानों को उर्वरक निर्धारित दर पर ही प्राप्त हो उन्होंने जानकारी दी कि वितरण केंद्रों पर पूर्व में भंडारित एनपीके 20:20:0:13 उर्वरक का विक्रय 1450 रुपये प्रति बोरी की दर से किया जा रहा है जबकि नए स्टॉक का विक्रय शासन द्वारा निर्धारित संशोधित दरों के अनुसार किया जा रहा है इससे मूल्य निर्धारण में स्पष्टता बनी हुई है और किसानों को सही जानकारी मिल रही है विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि ई-विकास पोर्टल पर ई-टोकन बुकिंग के दौरान नई दर प्रदर्शित होती है लेकिन किसान को पुराने स्टॉक का उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है तो ऐसी स्थिति में विक्रेता द्वारा रसीद में वास्तविक विक्रय मूल्य अंकित करना अनिवार्य होगा सभी डबल लॉक केंद्रों एवं सहकारी समितियों को इस संबंध में सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## पिछड़ा वर्ग छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास प्रवेश हेतु 15 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिला स्तर पर संचालित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है इसके तहत पात्र छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में 100 सीटर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास, नौढ़िया (सीधी) तथा 50 सीटर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास, सीधी में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों को शासकीय या अशासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत होना अनिवार्य है इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका के कार्यालय में 15 अगस्त 2026 तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे आवेदन पत्र संबंधित छात्रावास से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के तहत आवेदन के साथ ऑनलाइन प्रवेश की प्रति, संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाणित आवेदन पत्र, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, महाविद्यालय का एलॉटमेंट लेटर तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य है। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं का घोषणा पत्र एवं अभिभावक की लिखित सहमति भी आवश्यक होगी।

## सीधी में अवैध रेत कारोबार पर बड़ी कार्रवाई, दो वाहन जब्त, 74 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण पकड़ा गया



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अवैध रेत परिवहन वाहनों को जब्त किया है इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से भंडारित 74 ट्रॉली रेत भी जब्त की गई यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई अभियान अपर कलेक्टर वी.पी. पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी तथा खनि अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में 4 जुलाई की रात उपखंड गोपदबनास के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया संयुक्त दल ने रात 8 बजे से लेकर सुबह करीब 4 बजे तक लगातार सघन जांच अभियान संचालित किया। कार्रवाई के दौरान ग्राम डेम्हा में बिना नंबर के दो टाटा-407 डंपर अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए पुलिस और खनिज विभाग की टीम को देखकर वाहन चालक रेत खाली कर मौके से भागने का प्रयास करने लगे लेकिन संयुक्त दल ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को पकड़ लिया जांच के दौरान वाहन चालक रेत परिवहन से संबंधित कोई वैध अनुमति या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके इसके बाद दोनों वाहनों को नियमानुसार जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली थाना सीधी की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। अभियान के दौरान ग्राम गाड़ा और कुर्वाह में अवैध रूप से भंडारित 74 ट्रॉली रेत भी जब्त की गई प्रशासन ने नियमानुसार जब्त रेत को रेलवे ठेकेदार मैसर्स एस.एम.एस. प्रा. लि. की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवाया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त रेत के संबंध में मध्यप्रदेश रेत नियम, 2019 के तहत आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। खनिज विभाग के अनुसार संबंधित वाहन चालकों और वाहन स्वामियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं वहीं बिना नंबर के वाहनों से खनिज परिवहन किए जाने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई के लिए जिला परिवहन अधिकारी को भी पृथक पत्र भेजा जाएगा।

## विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु हर माह तीन स्तरों पर होगी नियमित जनसुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है अधीक्षण अभियंता (संचालन एवं संधारण) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य महाप्रबंधक, जबलपुर के निर्देश पर अब वृत्त, संभाग एवं वितरण केंद्र स्तर पर प्रत्येक माह नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना तथा विद्युत सेवाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक मजबूत करना है नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक माह तीन अलग-अलग स्तरों पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी जिससे शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया अधिक सरल और प्रभावी हो सकेगी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को वितरण केंद्र स्तर पर जनसुनवाई होगी इसी क्रम में द्वितीय मंगलवार को संभागीय कार्यालय स्तर पर तथा तृतीय मंगलवार को वृत्त कार्यालय स्तर पर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनका निराकरण किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी शिकायतों का तत्काल पंजीयन किया जाएगा तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से निस्तारित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी इसके साथ ही आवश्यकतानुसार संबंधित प्रकरणों में अनुवर्ती कार्रवाई भी की जाएगी ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विद्युत वितरण कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं जैसे विद्युत आपूर्ति में बाधा, बिलिंग संबंधी त्रुटि, खराब मीटर, नए कनेक्शन या अन्य किसी भी विद्युत समस्या के समाधान के लिए निर्धारित तिथि पर संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को सीधे संवाद का अवसर मिलेगा और उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान संभव हो सकेगा इससे न केवल शिकायत निस्तारण प्रक्रिया में तेजी आएगी बल्कि उपभोक्ता संतुष्टि में भी वृद्धि होगी। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्युत सेवाओं को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

## सौर ऊर्जा संयंत्र घोटाले में बड़ा एक्शन: जेई निलंबित, पत्नी पर FIR दर्ज 1.67 लाख की अनियमितता उजागर



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जिले के हनुमना क्षेत्र में 2 मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र के निर्माण कार्य में वित्तीय अनियमितता सामने आने के बाद बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है मामले में कनिष्ठ अभियंता (जेई) रंजीत कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि उनकी पत्नी ममता कुमारी के खिलाफ हनुमना थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है जानकारी के अनुसार जांच में सामने आया कि सौर ऊर्जा परियोजना में लगभग 1 लाख 67 हजार रुपये की वित्तीय अनियमितता की गई आरोप है कि जेई रंजीत कुमार साहू ने अपनी पत्नी के नाम पर 'मैसर्स ओम एंटरप्राइजेज' नामक फर्म बनाकर उससे संबंधित कार्यों में विभागीय नियमों का उल्लंघन किया। इस फर्म को सौर ऊर्जा संयंत्र में विद्युत कनेक्शन एवं लाइन विस्तार से जुड़े कार्यों का ठेका दिया गया था आरोप है कि इसी दौरान विभागीय सामग्री का उपयोग कर निजी बिलिंग तैयार की गई और भुगतान के लिए प्रस्तुत किया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि करंट ट्रांसफॉर्मर, कंट्रोल केबल एवं अन्य उपकरणों पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड तथा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के नाम अंकित थे इससे यह संदेह और गहरा गया कि सरकारी सामग्री का उपयोग निजी कार्यों में किया गया इसके अलावा वैक्यूम सर्किट ब्रेकर की नेम प्लेट पर खरीदार की जानकारी मिटाई गई पाई गई जिसे जांच टीम ने गंभीर अनियमितता माना है प्रारंभिक रिपोर्ट में यह भी संकेत मिले हैं कि विभागीय सामग्री को अन्य स्थानों से स्थानांतरित कर उपयोग किया गया हो सकता है जिसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

## सरकारी डॉक्टर पर घर से क्लिनिक चलाने का आरोप, वायरल वीडियो के बाद जांच के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले के निवास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक चिकित्सक पर गंभीर आरोप सामने आए हैं आरोप है कि चिकित्सक डॉ. केशव सिंह सरकारी अस्पताल में ओपीडी संचालन के बजाय अपने शासकीय आवास से मरीजों का उपचार कर रहे थे इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉक्टर उस समय अस्पताल में मौजूद रहने के बजाय अपने आवास पर मरीजों को देख रहे थे वायरल वीडियो में कुछ लोग उनसे सवाल-जवाब करते हुए दिखाई दे रहे हैं वहीं टेबल पर रखी दवाइयां भी नजर आ रही हैं बाद में डॉक्टर को अपने आवास से निकलकर अस्पताल की ओर जाते हुए भी देखा गया ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि मरीजों को सरकारी दवाओं के बजाय निजी मेडिकल दुकानों से दवाइयां खरीदने के लिए पर्ची दी जाती है और इलाज के नाम पर शुल्क भी लिया जाता है यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मामले पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. पुष्पराज सिंह ने कहा है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और तथ्य सामने आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा, 143 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है इस वर्ष महिला स्व-सहायता समूहों के बैंक लिंकेज (कैश क्रेडिट लिमिट) तथा महिला उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण योजना के तहत कुल 143 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें 6060 महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के माध्यम से 133 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जबकि 1000 महिला हितग्राहियों को स्वरोजगार एवं सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए 10 करोड़ रुपये का मुद्रा ऋण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है बैंकवार लक्ष्य के अनुसार विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं ग्रामीण बैंकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक को सर्वाधिक 3839 समूहों के लिए 87.18 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है इसके अलावा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 27.05 करोड़ रुपये, इंडियन बैंक को 6.65 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक को 6.05 करोड़ रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 3.99 करोड़ रुपये तथा भारतीय स्टेट बैंक को 2.08 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत भी बैंकों को स्पष्ट लक्ष्य दिए गए हैं जिनमें मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक और इंडियन बैंक शामिल हैं इन सभी को मिलाकर 1000 महिला हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी बैंकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रकरणों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए उन्होंने स्पष्ट किया कि 30 सितंबर 2026 तक 70 प्रतिशत तथा 30 दिसंबर 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए लक्ष्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक में लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली और सघन फील्ड मॉनिटरिंग पर जोर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा एवं उन्मुखीकरण के लिए शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) सभागार में जिला एवं विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अशोक कुमार खरे ने की बैठक में सभी स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की गई और लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी सहित एनएचएम के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे वहीं विकासखंड स्तर से खंड चिकित्सा अधिकारी (सीबीएमओ), ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम), ब्लॉक सामुदायिक प्रबंधक (बीसीएम) तथा ब्लॉक डाटा एंट्री अधिकारी (बीडीईओ) भी शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी दस्तक अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने, माइक्रोप्लान को अंतिम रूप देने तथा फील्ड टीमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया साथ ही कुपोषित, बीमार एवं संदिग्ध बच्चों की समय पर पहचान कर उनका त्वरित रेफरल एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने हाई-रिस्क गर्भावस्थाओं की पहचान कर उनका विशेष प्रबंधन करने तथा सिकल सेल रोग की अनिवार्य स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही प्रत्येक गर्भवती महिला की चार प्रसवपूर्व जांच (4 एएनसी) समय पर पूर्ण कराने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संभावित टीबी मरीजों की सक्रिय खोज, सैंपल कलेक्शन, समय पर उपचार प्रारंभ करने तथा निक्षय पोषण सहायता के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए सीएमएचओ ने स्पष्ट कहा कि कोई भी संभावित मरीज जांच से वंचित नहीं रहना चाहिए इसके लिए आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। सिकल सेल कार्यक्रम की समीक्षा में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों की शीघ्र स्क्रीनिंग पूर्ण करने तथा पॉजिटिव पाए गए मामलों का नियमित फॉलोअप और परामर्श सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए बैठक में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पोर्टल पर सभी केंद्रों की दैनिक ओपीडी, एसडी रिपोर्ट एवं जेएएस बैठक की जानकारी नियमित रूप से दर्ज करने तथा डेटा की शुद्धता और अद्यतन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का 24 से 48 घंटे के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर पोर्टल पर समय पर क्लोजर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

# आतंकियों की सूची

केंद्र सरकार ने यूएपीए के तहत पाकिस्तान में रह रहे 23 आतंकियों को सूचीबद्ध किया है, जो भारत में आतंकी हमलों में शामिल रहे हैं। यह कदम पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देता है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने पर भारत से नरमी की उम्मीद न करे, क्योंकि खून और पानी साथ नहीं बह सकते।

केंद्र सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में रह रहे 23 आतंकियों को सूचीबद्ध करके न केवल इन आतंकियों, बल्कि उनके आकाओं अर्थात पाकिस्तानी सेना एवं उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ को यही संदेश दिया कि भारत आतंकवाद को लेकर सख्त है और उसकी उन पर निगाह भी है।

जो आतंकी सूचीबद्ध किए गए हैं, उन पर भारत में आतंकी हमले करने, घुसपैठ कराने, हथियार भेजने आदि के आरोप हैं। इनमें से कई भारत में हुए आतंकी हमलों या उनकी साजिश रचने में शामिल रहे हैं। ये सभी जैश, लश्कर, द रेजिस्टेंस फ्रंट और जमात-उद-दावा आदि आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं। इनमें से कुछ जम्मू-कश्मीर के भी हैं। इसी के साथ यूएपीए के तहत प्रतिबंधित आतंकियों की संख्या 80 पहुंच गई है। चूंकि भारत सरकार ने इन आतंकियों के ठिकानों को भी रेखांकित किया है, इसलिए पाकिस्तान पर इसका कुछ न कुछ असर अवश्य पड़ेगा।

**संपादकीय**

हालांकि वह बेशर्मी दिखाएगा और इन आतंकियों की अपनी धरती पर उपस्थिति से इन्कार करेगा, लेकिन इससे उसका काम बनने वाला नहीं है, क्योंकि गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोग ही यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान ने कश्मीरियों के हाथों में बंदूकें थमाई। एक तरह से उसकी पोल उसके ही कब्जे वाले लोग खोल रहे हैं। 23 आतंकियों को प्रतिबंधित करने का भारत सरकार का फैसला एक ऐसे समय आया है, जब पाकिस्तान मानवता और अंतरराष्ट्रीय समझौतों की दुहाई देकर सिंधु जल संधि के स्थगन के खिलाफ शोर मचाने में लगा हुआ है। भारत का फैसला उसे यह आभास कराने वाला है कि वह आतंकवाद को खाद-पानी देकर भारत से नरमी की उम्मीद न करे। यदि पाकिस्तान यह चाहता है कि उसे सिंधु जल समझौते के तहत पानी मिले तो उसे भारत के लिए खतरा बने आतंकियों को पालने-पोसने से बाज आना होगा। उसे यह समझना ही होगा कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। जैश, लश्कर आदि के आतंकियों को प्रतिबंधित करने का निर्णय उन पाकिस्तानियों के साथ भारतीयों को भी संदेश देने वाला है, जिन्होंने पिछले दिनों भारतीय और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया था कि दोनों नेता संबंधों को बहाल करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह आग्रह कितना मूर्खतापूर्ण था, इसे इससे समझा जा सकता है कि किसी ने और यहां तक कि कथित शांति प्रेमी भारतीयों ने भी यह नहीं कहा कि संबंधों को सामान्य करने के लिए यह आवश्यक है कि पाकिस्तान उस आतंकी ढांचे को खत्म करे, जो भारत के लिए खतरा बना हुआ है।

## अलविदा ख़ामेनेईः मर के जीना सिखा दिया तूने

**तनवीर जाफ़री**

ईरान के सर्वोच्च नेता शहीद सैयद अली ख़ामेनेई के बहुप्रतीक्षित अंतिम संस्कार की रस्म इन दिनों ईरान- इराक़ में अदा की जा रही है। विश्व के अब तक के सबसे बड़े अंतिम संस्कार के इस राजकीय शोक में भारत, पाकिस्तान, रूस, चीन, सऊदी अरब,अफ़ग़ानिस्तान सहित लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। ग़ौरतलब है कि गत 28 फ़रवरी को पवित्र रमज़ान माह में अमेरिका व इस्राईल द्वारा किये गये कायराना हवाई हमले में सैयद अली ख़ामेनेई ,उनकी बेटी बुशरा हुसैनी ख़ामेनेई व दामाद मिस्बाह अल-हुदा बाक़री उनकी 14 महीने की पोती ज़हरा मोहम्मदी गुल पायगानी तथा ख़ामनेई के बेटे व वर्तमान सुप्रीम लीडर मुज्तबा ख़ामनेई की पत्नी सभी एक साथ शहीद हो गये थे। ईरान पर अमेरिका व इस्राईल द्वारा थोपे गये युद्ध में उलझे होने के कारण ख़ामनेई के अंतिम संस्कार की रस्म अब तक अदा नहीं की जा सकी थी। अब निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार संस्कार की रस्म की शुरुआत 3 जुलाई से हो चुकी है। 3 जुलाई को ईरान के उप गृह मंत्री ब्रिगेडियर जनरल अली अकबरपूर जमशीदियान द्वारा विदेशी गणमान्य लोगों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला मस्जिद में 4 व 5 जुलाई का दो दिन का शोक समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद 5 जुलाई को मुख्य जनाज़े की नमाज़ अदा की गयी। 6 जुलाई को तेहरान में जनाज़े की अंतिम यात्रा निर्धारित समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगी। अगले दिन यानी 7 जुलाई को ईरान के प्रमुख धार्मिक शहर क़ुम में भी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी और यहाँ की प्रसिद्ध पवित्र जमकरान मस्जिद में नमाज़- ए-जनाज़ा अदा की जाएगी।

इसी तरह 8 जुलाई को इराक़ के नजफ़ और कर्बला में भी अंतिम यात्रा निकाली जायेगी। निर्धारित योजनानुसार इराक़ में 7 जुलाई की शाम शहीद ख़ामनेई का जनाज़ा नजफ़ पहुंचेगा। 8 जुलाई को सुबह 6 बजे नजफ़ और शाम 4 बजे कर्बला में अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पार्थिव शरीर को वापस ईरान ले जाया जाएगा। याद रहे कि मक्का और मदीना के बाद नजफ़ और कर्बला को शिया इस्लाम के सबसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों के रूप में मान्यता हासिल है। इसतरह अंतिम दिन यानी 9 जुलाई को अली ख़ामेनेई के जनाज़े को मशहद में शिया समुदाय के आठवें इमाम, इमाम रज़ा के मक़बरे में सुपुर्द-ए-ख़ाक़ किया जाएगा। अंतिम विदाई के बाद भी चालीस दिनों तक विभिन्न प्रांतों में धार्मिक सभाएं, प्रार्थनाएं आदि आयोजित की जाएंगी और अगले साल तक भी कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित किए जाते रहेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि अंतिम संस्कार के इस आयोजन में ईरान-इराक़ सहित पूरे विश्व के क़रीब ढाई से तीन करोड़ तक लोग शरीक होंगे। अंतिम विदाई के इन समारोहों को ईरान केवल एक धार्मिक रस्म के रूप में ही नहीं बल्कि पिछले दिनों हुये युद्ध के बाद उभरी ईरान की राजनीतिक और कूटनीतिक ताक़त के बड़े प्रदर्शन के तौर पर भी देख रहा है।

इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे भी होते हैं, जिनकी पहचान केवल पद, सत्ता या प्रसिद्धि से नहीं होती, बल्कि उनके चरित्र, जीवन-शैली,सादगी,समर्पण और सेवा-भाव से बनती है। आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामेनेई का जीवन भी उन्हीं व्यक्तित्वों में प्रमुख था जिसे सादगी, अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और समर्पण के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। हालांकि उन्होंने ईरान में सर्वोच्च नेता के रूप में 47 वर्ष बिताए, जिसमें लगभग 40 वर्ष ईरान के रक्षा मंत्री , प्रेसिडेंट और सुप्रीम लीडर के तौर पर शामिल हैं। इसके बावजूद उनका सादा जीवन इस बात का संदेश देता है कि महानता केवल भव्यता के प्रदर्शन में नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने में होती है। ख़ामेनेई ने बचपन से ही शिक्षा, क़ुरआन और दीनी सेवा को अपने जीवन के केंद्र में रखा। उन्होंने पढ़ाई, तालीम, तफ़सीर, और राजनीतिक-सामाजिक गतिविधियों को एक साथ आगे बढ़ाया, और बार-बार गिरफ़्तारी व निर्वासन के बावजूद अपना काम ताउम्र जारी रखा। वे अपने निजी जीवन में भी साधारण रहन-सहन पसंद करते थे। उनका पूरा परिवार भी बेहद साधारण जीवन जीता था। उन्होंने कभी सरकारी वेतन नहीं लिया।

# विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस नई शिक्षा क्रांति की ओर बढ़ता भारत

**भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। अब भारतीय विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल, यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क, इलिनोइस टेक, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी और एबरडीन जैसी प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने स्वतंत्र कैंपस स्थापित कर रही हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा अब तक पंद्रह विदेशी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट जारी किए जा चुके हैं और इनमें से अधिकांश विश्वविद्यालय अगस्त से अपने पहले शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करेंगे। यह केवल शिक्षा के विस्तार का प्रयास नहीं बल्कि भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस स्थापित करने की अनुमति मिलने के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य भारतीय विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, शोध सुविधाएं और वैश्विक अवसर अपने ही देश में उपलब्ध कराना है। इससे लाखों छात्रों और उनके परिवारों को विदेश जाने में आने वाले भारी खर्च और अन्य चुनौतियों से राहत मिलेगी।**

**कांतिलाल मांडोत**

इन विश्वविद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि भारत में संचालित कैंपस का पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया और डिग्री पूरी तरह उसी स्तर की होगी जो उनके मूल विदेशी कैंपस में लागू होती है। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का समझौता नहीं करना पड़ेगा। उन्हें वही गुणवत्ता, वही शिक्षण पद्धति और वही अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त होगी जो विदेश में अध्ययन करने वाले छात्रों को मिलती है।

भारत में स्थापित होने वाले इन कैंपसों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ना भी है। यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क ने मुंबई के युवा उद्यमियों के संगठन के साथ समझौता कर छात्रों को स्टार्टअप और नवाचार से जोड़ने की पहल की है। इसी प्रकार इलिनोइस टेक अपने भारतीय परिसर के लिए अमेरिका तथा अन्य देशों के अनुभवी प्रोफेसरों की नियुक्ति कर रहा है ताकि विद्यार्थियों को वास्तविक वैश्विक शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

इन विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए निर्धारित योग्यता भी स्पष्ट रखी गई है। सामान्यतः बारहवीं में लगभग पचहत्तर प्रतिशत अंक तथा स्नातक स्तर पर पचपन से सत्तर प्रतिशत तक अंक आवश्यक होंगे। जिन छात्रों के अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक होंगे उन्हें कई मामलों में आईईएलटीएस जैसी परीक्षा देने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। इससे योग्य भारतीय विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया अधिक सरल और सुलभ बनेगी।

विद्यार्थियों को भारत में पढ़ाई करते हुए एक या दो सेमेस्टर संबंधित विश्वविद्यालय के विदेशी कैंपस में अध्ययन करने का अवसर भी मिलेगा। इससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव, वैश्विक संस्कृति और विदेशी उद्योगों से जुड़ने का लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क और ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी अपने छात्रों को ब्रिटेन में अध्ययन और शोध करने की सुविधा उपलब्ध कराएंगी। इससे छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता और रोजगार की संभावनाएं दोनों मजबूत होंगी।

फैकल्टी की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। भारतीय और विदेशी शिक्षकों का संतुलित मिश्रण तैयार किया जाएगा। विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ने घोषणा की है कि उसकी लगभग एक तिहाई फैकल्टी सीधे मेलबर्न से आएगी। वहीं भारतीय मूल के ऐसे प्रोफेसरों को भी नियुक्त किया जाएगा जिन्होंने विदेशी विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। इससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और भारतीय परिस्थितियों दोनों का लाभ मिलेगा।

शोध और तकनीकी विकास को भी इन विश्वविद्यालयों की प्राथमिकता बनाया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग तथा स्टेम विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। आधुनिक प्रयोगशालाएं, अत्याधुनिक शोध सुविधाएं और वैश्विक संसाधनों तक पहुंच छात्रों को विश्वस्तरीय अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी। इससे भारत में नवाचार और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की व्यापक व्यवस्था भी की गई है। योग्यता और आर्थिक आवश्यकता के आधार पर दस प्रतिशत से लेकर सौ प्रतिशत तक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाएगी। कई विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष लाखों रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की योजना बना चुके हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विदेशी विश्वविद्यालयों की फीस भारतीय संस्थानों की तुलना में अधिक अवश्य होगी लेकिन विदेश जाकर पढ़ने की तुलना में यह लगभग तीस से चालीस प्रतिशत कम रहेगी। विदेश में पढ़ाई पर जहां अस्सी लाख से लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो सकता है वहीं भारत में वही डिग्री अपेक्षाकृत कम लागत में प्राप्त की जा सकेगी। साथ ही रहने, यात्रा और अन्य खर्चों में भी बड़ी बचत होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इन विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों को केवल डिग्री ही नहीं बल्कि वैश्विक पहचान, मजबूत एलुमनाई नेटवर्क, उत्कृष्ट प्रोफेसरों का मार्गदर्शन और अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इससे भारतीय युवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी और वे विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

एक अनुमान के अनुसार अगले पांच वर्षों में प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने भारतीय परिसर में प्रतिवर्ष लगभग एक हजार से बारह सौ विद्यार्थियों को प्रवेश देगा। वहीं वर्ष 2040 तक भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपसों में पांच लाख साठ हजार से अधिक छात्र अध्ययन कर सकते हैं। इससे देश से बाहर जाने वाली लगभग एक सौ तेरह अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत होगी तथा शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

विदेशी विश्वविद्यालयों का भारत आगमन केवल शैक्षणिक परिवर्तन नहीं बल्कि देश की ज्ञान अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाला कदम है। इससे भारत वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा और लाखों विद्यार्थियों के सपनों को अपने ही देश में पंख मिलेंगे। यदि सरकार, विश्वविद्यालय और उद्योग जगत मिलकर इस पहल को सफल बनाते हैं तो आने वाले वर्षों में भारत विश्व का प्रमुख शिक्षा केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। यह परिवर्तन न केवल विद्यार्थियों बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा।

## कसी जाए मंत्रियों के चयन की कसौटी

**राजीव सचान**

इन दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल-विस्तार की चर्चा जोरों पर है। माना जाता है कि अगले कुछ दिनों में मोदी सरकार अपने इस तीसरे कार्यकाल में पहली बार मंत्रिमंडल में विस्तार के साथ फेरबदल भी कर सकती है। इसका एक कारण तो यह है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के दो सदस्य पंकज चौधरी और हर्ष मल्होत्रा क्रमशः उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष बन गए हैं। दूसरा कारण दो मंत्रियों रवनीत सिंह बिट्टू और जार्ज कुरियन का राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होना है। इनमें कुरियन ने तो त्यागपत्र दे दिया है और वह मंजूर भी हो गया है। रवनीत सिंह बिट्टू ने अभी त्यागपत्र नहीं दिया, लेकिन यह कहा है कि अब वे अपना ध्यान पंजाब के आगामी विधानसभा चुनावों पर केंद्रित करेंगे।

मोदी मंत्रिमंडल में विस्तार-फेरबदल का एक संभावित आधार आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों का भाजपा में शामिल होना, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के छह लोकसभा सदस्यों का एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में शामिल होकर सत्तापक्ष का संख्याबल बढ़ाना भी है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का संख्याबल इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के 20 लोकसभा सदस्य ममता बनर्जी से बगावत करके एक गुमनाम से दल नेशनल सिटिजंस पार्टी आफ इंडिया में शामिल होकर इस गठबंधन का हिस्सा बन गए हैं। इसी के साथ यह पार्टी राजग का सबसे बड़ा घटक बन गई है। उसने संख्याबल के मामले में तेलुगु देसम पार्टी, शिवसेना (शिंदे) और जनता दल-यू को भी पीछे छोड़ दिया है।

मोदी मंत्रिमंडल में विस्तार-फेरबदल का एक अन्य कारण यह गिनाया जा रहा है कि अगले वर्ष सात राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और केंद्रीय मंत्रिमंडल में इन राज्यों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सकता है। इस सबके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल-विस्तार की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि मंत्रियों के लगभग दो वर्ष के कामकाज की समीक्षा संभावित थी। इस समीक्षा के तहत मंत्री पदोन्नत या पदावनत हो सकते हैं। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन आसार इसलिए अधिक हैं, क्योंकि भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन को भी अपनी टीम गठित करनी है और इसके तहत कुछ नेता संगठन से सरकार में और कुछ सरकार से संगठन में जा सकते हैं। चूंकि मोदी सरकार के पहले और दूसरे कार्यकाल में भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार होता रहा है, इसलिए इस बार भी ऐसा होना संभावित माना जा रहा है। अतीत में जब भी ऐसा हुआ है, तब कुछ केंद्रीय मंत्रियों की अप्रत्याशित रूप से छुट्टी हुई है और कुछ ऐसे चकित करने वाले चेहरे मोदी सरकार का हिस्सा बने, जिनके बारे में शायद ही किसी ने अनुमान लगाया हो।

यह मोदी सरकार की विशेषता है कि वह अपने फैसलों से चौंकाती है और ऐसे फैसले केवल मंत्रियों के चयन के मामले में ही नहीं होते रहे। मुख्यमंत्रियों के चयन के मामले में भी यह देखने को मिलता रहा है। आखिर किसने सोचा था कि राजस्थान में पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बना दिए जाएंगे? ऐसा ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मामले में भी हुआ। मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों के अतिरिक्त राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष समेत अन्य अनेक पदों पर ऐसे लोग आए, जिनके बारे में किसी को भान नहीं था। आम लोगों और यहां तक कि राजनीतिक पंडितों के अनुमान से परे जाकर अप्रत्याशित फैसले लेना मोदी सरकार की एक खासियत अवश्य है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उसका हर चौंकाने वाला फैसला सटीक यानी मास्टर स्ट्रोक ही होता हो।

## विकास की धंसती सड़कें और भ्रष्टाचार की गहरी नींवें

**जिस दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को आधुनिक भारत के तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, उसकी सड़क उद्घाटन के महज ढाई महीने बाद पहली ही बरसात में धंस गई। सड़क इस तरह धंसी कि कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया।**

**ललित गर्ग**

प्रश्न यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क पहली ही वर्षा का सामना क्यों नहीं कर सकी? क्या निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया? क्या जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं थी? या फिर यह भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही के अभाव का परिणाम है? यह कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में नई सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों और सार्वजनिक भवनों के ध्वस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों का गिर जाना पूरे देश को झकझोर गया था। एक ही दिन पांच पुल-पुलियों का धराशायी होना केवल तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार का जीवंत प्रमाण था। गुजरात के मोरबी पुल हादसे में 135 लोगों की जान चली गई। कोलकाता के विवेकानंद फ्लाईओवर के गिरने से अनेक परिवार उजड़ गए। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत गिरने की घटना और मुंबई के घाटकोपर में विशाल होर्डिंग गिरने से हुई मौतों ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता गंभीर संकट से गुजर रही है।

इन घटनाओं को केवल प्राकृतिक आपदा या भारी वर्षा का परिणाम बताकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि पहली ही बारिश में सड़क धंस जाए, पुल बह जाएं या भवनों की छतें गिर जाएं, तो यह प्रकृति की नहीं, बल्कि मानव निर्मित विफलता की एवं गहरे में पैठे भ्रष्टाचार की कहानी है। आधुनिक इंजीनियरिंग और तकनीक के इस युग में ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं। यह विकास नहीं, बल्कि विकास के नाम पर जनता के साथ किया गया विश्वासघात है। सड़कें और पुल किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की धमनियां होते हैं। इनके माध्यम से व्यापार चलता है, गांव शहरों से जुड़ते हैं, किसान अपनी उपज बाजार तक पहुंचाते हैं और आम नागरिक सुरक्षित आवागमन करते हैं। जब यही आधारभूत संरचनाएं असमय ध्वस्त होने लगें, तो केवल कंक्रीट और लोहे का ढांचा नहीं टूटता, बल्कि जनता का शासन और प्रशासन पर विश्वास भी टूटता है।

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सड़क धंसने के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर और टीम लीडर को निलंबित किया तथा निर्माण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल निलंबन से समस्या का समाधान हो जाएगा? अनुभव बताता है कि अधिकांश मामलों में निलंबित अधिकारी कुछ समय बाद बहाल हो जाते हैं या उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। जिन कंपनियों को काली सूची में डाला जाता है, वे कुछ समय बाद नए नाम से फिर सरकारी ठेके प्राप्त करने लगती हैं। परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार का चक्र लगातार चलता रहता है। वास्तविक समस्या जवाबदेही के अभाव की है। निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया-डिजाइन, सामग्री, तकनीकी परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं होती। जब दोषियों को कठोर दंड नहीं मिलता, तब भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिल जाता है। यही कारण है कि हर वर्ष बरसात के साथ सड़कें उखड़ती हैं, पुलों में दरारें पड़ती हैं और करोड़ों रुपये की परियोजनाएं समय से पहले दम तोड़ देती हैं।

देश में सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं का बड़ा हिस्सा कमीशनखोरी और रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। ठेके हासिल करने से लेकर बिलों के भुगतान तक अनेक स्तरों पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। जब परियोजना की लागत का बड़ा भाग अवैध लेन-देन में खर्च हो जाता है, तब निर्माण की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। घटिया सामग्री का उपयोग, तकनीकी मानकों की अनदेखी और समय सीमा का दबाव मिलकर ऐसी संरचनाएं तैयार करते हैं जो पहली ही परीक्षा में असफल हो जाती हैं। विडंबना यह भी है कि प्रत्येक दुर्घटना के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, मुआवजे घोषित होते हैं, लेकिन व्यवस्था में कोई मूलभूत परिवर्तन नहीं आता। दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध मुकदमे वर्षों तक लंबित रहते हैं। जनता का आक्रोश धीरे-धीरे शांत हो जाता है और फिर कोई नई दुर्घटना उसी कहानी को दोहरा देती है। विकसित देशों में भी दुर्घटनाएं होती हैं, किंतु वहां प्रत्येक हादसे के बाद प्रणालीगत सुधार किए जाते हैं। भारत में सुधार की अपेक्षा लीपापोती अधिक दिखाई देती है।

अब समय आ गया है कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए पूरी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया जाए। प्रत्येक परियोजना के लिए स्वतंत्र थर्ड-पार्टी गुणवत्ता ऑडिट अनिवार्य किया जाए। निर्माण सामग्री की डिजिटल ट्रैकिंग, प्रत्येक चरण का तकनीकी सत्यापन तथा ड्रोन और आधुनिक सेंसर आधारित निरीक्षण को व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाए। परियोजना पूरी होने के बाद केवल उद्घाटन नहीं, बल्कि निश्चित अवधि तक उसके प्रदर्शन का भी वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता यह है कि दोषी अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों की व्यक्तिगत एवं आर्थिक जवाबदेही तय हो। यदि उनकी लापरवाही से जनहानि होती है या सार्वजनिक धन की बर्बादी होती है, तो केवल निलंबन नहीं, बल्कि सेवा से बर्खास्तगी, आर्थिक दंड और आपराधिक मुकदमे जैसी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जब तक भ्रष्टाचार की कीमत चुकानी नहीं पड़ेगी, तब तक भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा।

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे, आर्थिक गलियारे, हाई-स्पीड रेल, आधुनिक हवाई अड्डे और स्मार्ट शहर तभी सार्थक होंगे, जब उनकी नींव ईमानदारी, गुणवत्ता और पारदर्शिता पर आधारित होगी। विकास का अर्थ केवल नई परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं, बल्कि उनका वर्षों तक सुरक्षित और टिकाऊ बने रहना भी है। आज आवश्यकता केवल नई सड़कें और पुल बनाने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है जिसमें कोई भी सड़क पहली बारिश में न धंसे, कोई पुल उद्घाटन से पहले न गिरे और कोई हवाई अड्डा यात्रियों के लिए खतरा न बने। भ्रष्टाचार की गहरी नींव पर विकास की मजबूत इमारत कभी खड़ी नहीं हो सकती। यदि भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र बनना है, तो विकास की चमक के साथ उसकी गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को भी राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। तभी जनता का विश्वास बचेगा, सार्वजनिक धन सुरक्षित रहेगा और विकास का मार्ग सचमुच मजबूत एवं स्थायी बन सकेगा।

# शिवपुरी में 2500 करोड़ की डिफेंस फैक्ट्री का शिलान्यास, सिंधिया बोले- यहां बने हथियार दुश्मन का सीना चीरेंगे

## अडाणी समूह करेगा गोला-बारूद, मिसाइल और हाईटेक रक्षा उपकरणों का निर्माण, 10 हजार प्रत्यक्ष रोजगार





**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** मध्य प्रदेश का शिवपुरी अब देश के प्रमुख रक्षा उत्पादन केंद्रों में अपनी नई पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर हो गया है जिले के पाली गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के किनारे अदाणी समूह की लगभग 2500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली अत्याधुनिक डिफेंस फैक्ट्री का रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, अदाणी समूह के निदेशक करण अदाणी, निदेशक जीत अडाणी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। यह डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट अत्याधुनिक गोला-बारूद, मिशन-रेडी मिसाइलें, हाईटेक हथियार और अन्य रक्षा उपकरणों का निर्माण करेगी। परियोजना को मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ-साथ देश की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी अब केवल एक जिला नहीं बल्कि देश की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रहा है उन्होंने कहा, 'जब भी देश को युद्ध की आवश्यकता होगी शिवपुरी से बने हथियार और गोला-बारूद सीमा तक पहुंचेंगे यहां के युवाओं की मेहनत से तैयार हथियार दुश्मन का सीना चीरेंगे और राष्ट्र की रक्षा को और मजबूत करेंगे। अडाणी समूह के निदेशक जीत अडाणी ने बताया कि समूह ने पहले ही मध्य प्रदेश में 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है यह निवेश पंप हाइड्रो स्टोरेज, सीमेंट, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स और थर्मल एनर्जी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक प्रदेश में लगभग 1 लाख 20 हजार रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है और शिवपुरी की डिफेंस फैक्ट्री इस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कटनी जिले के आमेठा क्षेत्र में 1200 मेगावाट क्षमता की ऊर्जा परियोजना पर भी कार्य किया जा रहा है जिससे प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश तेजी से औद्योगिक निवेश का केंद्र बन रहा है। सरकार निवेशकों को बेहतर अधोसंरचना, अनुकूल औद्योगिक नीति और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है उन्होंने विश्वास जताया कि शिवपुरी की यह परियोजना प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति देगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर सृजित करेगी शिलान्यास से पहले मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और अदाणी समूह के अधिकारियों ने प्रदर्शनी स्थल का अवलोकन कर आधुनिक हथियारों, मिसाइलों और रक्षा उपकरणों की जानकारी ली विशेषज्ञों का मानना है कि शिवपुरी में बनने वाली यह डिफेंस फैक्ट्री न केवल रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को नई पहचान दिलाएगी बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, सहायक उद्योगों और कौशल विकास को भी नई दिशा देगी परियोजना के शुरू होने से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे तथा शिवपुरी देश के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

## नर्मदापुरम में अतिक्रमण पर प्रशासन की सख्ती, सड़क किनारे से हटाए 25 से अधिक ठेल

**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान होने वाले यातायात जाम को देखते हुए प्रशासन ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सरिता मालवीय और नगर पालिका सीएमओ वैभव देशमुख की मौजूदगी में माखननगर रोड पर महिला थाना से कमिश्नर कार्यालय गेट तक कोर्ट की बाउंड्री से लगे फल और सब्जी विक्रेताओं के ठेले हटाए गए। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस कार्रवाई में 25 से अधिक ठेले और अस्थायी दुकानें हटाई गईं अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया और अधिकारियों से बहस की लेकिन प्रशासन ने सभी विक्रेताओं को नगर पालिका द्वारा निर्धारित कोठी बाजार सब्जी मंडी में ही दुकान लगाने के निर्देश दिए नियमों का पालन नहीं करने पर कई ठेले, फल-सब्जियों के कैरेट और अन्य सामान जब्त कर नगर पालिका की ट्रॉली और कचरा वाहन में भरकर ले जाया गया प्रशासन के अनुसार प्रत्येक रविवार आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान और विक्रेता शहर में फल एवं सब्जियां बेचने आते हैं सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से दुकानें लगने के कारण मुख्य मार्ग पर लंबे समय तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है जिससे आम लोगों को परेशानी होती है इसी समस्या के समाधान के लिए यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अधिकारियों को एक शासकीय आवास परिसर की बाउंड्री के भीतर फल विक्रेता का ठेला और टीन से बनी अस्थायी दुकान भी मिली जहां बिजली कनेक्शन का उपयोग किया जा रहा था प्रशासन ने तत्काल ठेला और अस्थायी दुकान को हटवाकर परिसर खाली कराया तहसीलदार सरिता मालवीय ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है।

# नर्मदापुरम के तीन खिलाड़ियों का मध्य प्रदेश जूनियर रग्बी टीम में चयन



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम जिले के लिए खेल जगत से गर्व की खबर सामने आई है जिले के तीन प्रतिभाशाली रग्बी खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश की जूनियर रग्बी टीम में हुआ है चयनित खिलाड़ी 6 से 11 जुलाई तक तेलंगाना के हैदराबाद स्थित जीएमसी स्टेडियम में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल रग्बी सेवन चैंपियनशिप-2026 में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्य प्रदेश टीम में पिपरिया की आकांक्षा नायर और अमित कुमार मालवीय, जबकि सोहागपुर की भारती राय को स्थान मिला है तीनों खिलाड़ियों का चयन देवास में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय चयन शिविर और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। चयनित खिलाड़ियों ने पिपरिया खेल मैदान में नियमित प्रशिक्षण लेकर अपनी प्रतिभा को निखारा विभिन्न जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर हासिल किया है खिलाड़ियों की सफलता जिले के उभरते खेल माहौल और निरंतर प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम मानी जा रही है जिला रग्बी संघ नर्मदापुरम के सचिव एवं कोच सचिन पुर्विया ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर आधारित रही। उन्होंने विश्वास जताया कि तीनों खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों के चयन से जिले के खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला रग्बी संघ तथा विभिन्न खेल संगठनों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं सभी ने उम्मीद जताई कि यह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर नर्मदापुरम को नई पहचान दिलाएंगे।

## एल्डरमैन नियुक्ति और संगठन में मनमानी का आरोप, जिला अध्यक्ष ने कहा- विरोध पार्टी की रीति-नीति नहीं



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** एमसीबी जिले के खोंगापानी में आयोजित भाजपा के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान शनिवार को पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष चम्पा देवी पावले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया कार्यक्रम स्थल के बाहर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए संगठन की कार्यप्रणाली और एल्डरमैन नियुक्तियों में कथित मनमानी का आरोप लगाया प्रदर्शन में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि स्थानीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्तियों में लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है उन्होंने संगठनात्मक निर्णयों में पारदर्शिता की कमी और कुछ लोगों को प्राथमिकता दिए जाने पर भी नाराजगी जताई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया तो इससे संगठन की एकजुटता प्रभावित हो सकती है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष चम्पा देवी पावले ने कहा कि इस प्रकार की नारेबाजी भाजपा की रीति-नीति के अनुरूप नहीं है।

## सिवनी मालवा में शहीद हवलदार संतोष कुमार जाट को श्रद्धांजलि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नमन



**मीडिया ऑडीटर, सिवनी (निप्र)।** सिवनी मालवा के जयस्तंभ चौक पर शनिवार शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने शहीद हवलदार संतोष कुमार जाट को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने शहीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की, मोमबत्तियां जलाकर उन्हें नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया हवलदार संतोष कुमार जाट देश की सेवा के दौरान सिलीगुड़ी में शहीद हुए थे उनके बलिदान को याद करते हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया जिसे देश हमेशा सम्मान और गर्व के साथ याद रखेगा नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने कहा कि शहीदों का त्याग और समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि हवलदार संतोष कुमार जाट ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन देशभक्ति, साहस और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर अधिवक्ता विकास पाठक ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं हैं बल्कि वे अपने बलिदान और आदर्शों के माध्यम से सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहते हैं उन्होंने समाज से शहीदों के परिवारों के सम्मान और सहयोग के लिए आगे आने तथा युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में नगर कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे सभी ने एक स्वर में शहीद हवलदार संतोष कुमार जाट के बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और राष्ट्र की सेवा में दिए गए उनके योगदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया।

## सूरजपुर में गिट्टी निकालते समय बड़ा हादसा, पत्थर धंसने से दो युवकों की मौत



**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर (निप्र)।** सूरजपुर जिले के लांची गांव में रविवार दोपहर गिट्टी निकालने के दौरान बड़ा हादसा हो गया सरकारी जमीन पर कथित रूप से अवैध खुदाई करते समय एक विशाल पत्थर और मिट्टी का हिस्सा धंस गया जिससे दो युवक मलबे में दब गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान बाबूलाल (18), पिता धनेसवर सिंह गोड़ और जयपाल (18), पिता जय सिंह गोड़ के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे से पहले ग्रामीणों ने दोनों युवकों को वहां खुदाई न करने की सलाह दी थी लेकिन कुछ ही देर बाद तेज आवाज के साथ पत्थर टूटकर गिर गया और दोनों उसके नीचे दब गए घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर दोनों युवकों को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के भाई ज्वाला प्रसाद ने बताया कि उन्हें हादसे की जानकारी बाद में मिली परिवार को यह भी पता नहीं था कि उनका भाई गिट्टी निकालने के लिए वहां गया था पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों और अवैध खुदाई के पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

# सिवनी मालवा में साइबर सुरक्षा अभियान 2.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक से दिया सतर्कता का संदेश



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** मध्य प्रदेश पुलिस के साइबर सुरक्षा अभियान 2.0 के तहत सिवनी मालवा में शनिवार को व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस थाना सिवनी मालवा के सहयोग से जीवनदायिनी समाज सेवा समिति और मां रेवापुर युवा उत्थान समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था कार्यक्रम थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जन सेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था, भोपाल के कलाकारों ने आकर्षक और संदेशपरक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया नाटक के माध्यम से साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया ठगी और अनजान लिंक पर क्लिक करने से होने वाले नुकसान को सरल भाषा में समझाया गया कलाकारों ने डिजिटल दुनिया में सतर्कता बरतने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार साइबर अपराधी लोगों को लालच, डर या झूठे बहानों में फंसाकर उनकी निजी और बैंकिंग जानकारी हासिल कर लेते हैं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति को सराहा और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पिन या पासवर्ड साझा न करें इसके अलावा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या फर्जी कॉल पर भरोसा करने से बचें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत पुलिस या संबंधित साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर नरेन्द्र लिल्लोरे, आरक्षक प्रदीप मालवीय, यातायात पुलिस आरक्षक सुमित काजले, जीवनदायिनी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष गुलशन कुमार कावड़े, सुनील सिंगोरिया, राजेन्द्र यादव, काजल रघुवंशी सहित भोपाल से आए कलाकार भारत सिंह बमनेले, दुर्गेश नायडू, महेंद्र शुक्रवारिया, संजय शुक्रवारिया और पूनम उपस्थित रहे।

## एमसीबी पहुंचे डीजीपी अरुण देव गौतम, कानून-व्यवस्था और पुलिस अधोसंरचना की समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** एमसीबी जिले के दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतमने रविवार को जिले की कानून-व्यवस्था, पुलिस संसाधनों और अधोसंरचना विकास की विस्तृत समीक्षा की उन्होंने एसपी कार्यालय और पुलिस लाइन का निरीक्षण करने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि एमसीबी प्रदेश का नया जिला है, इसलिए यहां पुलिस अधोसंरचना को मजबूत करना सरकार और पुलिस विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि दौरे का उद्देश्य जिले में पुलिस बल को उपलब्ध संसाधनों, कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति और अधिकारियों-कर्मचारियों की आवश्यकताओं का आकलन करना है डीजीपी अरुण देव गौतम ने घोषणा की कि आने वाले समय में जिले में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय, नई पुलिस लाइन और पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेहतर अधोसंरचना मिलने से पुलिस बल को कार्य करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी सुविधा होगी। दौरे के दौरान डीजीपी ने कोरिया जिले से जुड़ी अपनी पुरानी यादें भी साझा कीं उन्होंने कहा कि कोरिया जिले के पहले पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य करना उनके लिए गर्व और आत्मीयता का विषय रहा है इस क्षेत्र से उनका विशेष जुड़ाव है और वे यहां की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं। नौगई ट्रिपल मर्डर केस के संबंध में पूछे गए सवाल पर डीजीपी ने कहा कि फिलहाल घटनास्थल पर जाने की आवश्यकता नहीं है उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की विस्तृत क्राइम रिव्यू की जाएगी और जांच की प्रगति के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी। वहीं पसौरी हत्या प्रकरण में दो पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी नहीं होने के संबंध में उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है। सभी तथ्यों और साक्ष्यों के सामने आने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी उन्होंने दोहराया कि किसी भी मामले में निष्पक्ष जांच और कानून के अनुरूप कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता है डीजीपी का यह दौरा एमसीबी जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में पुलिस संसाधनों के विस्तार, अधोसंरचना विकास और कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई इससे जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# इटारसी नपा के 14.20 करोड़ भुगतान मामले की होगी जांच, हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव को 90 दिन में फैसला लेने के दिए निर्देश




**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** इटारसी नगर पालिका में 14 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक के कथित अवैध भुगतान मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव को 90 दिनों के भीतर विधिसम्मत जांच पूरी कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि मामले में प्राप्त शिकायतों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए यह मामला इटारसी निवासी पत्रकार सुरेश कुमार चिंचवाड़ द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, आनंद शुक्ला और अपूर्व त्रिवेदी ने न्यायालय में पक्ष रखा याचिका में आरोप लगाया गया कि नगर पालिका में लगभग 35 माह की अवधि के दौरान14 करोड़ 20 लाख 51 हजार 378 रुपए का भुगतान मध्य प्रदेश नगर पालिका (लेखा एवं वित्त) नियम, 2018 के नियम 85(2) तथा राज्य शासन के 6 अगस्त 2022 के आदेशों का उल्लंघन करते हुए किया गया। याचिका के अनुसार संबंधित भुगतान कथित रूप से फर्जी नोटशीट तैयार कर स्वीकृत किए गए जिससे नगर पालिका को भारी वित्तीय नुकसान पहुंचा आरोप है कि भुगतान प्रक्रिया में निर्धारित वित्तीय नियमों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया इसी आधार पर तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायतें और प्रतिवेदन सौंपे गए लेकिन स्वतंत्र जांच कराने के बजाय केवल आयुक्त से रिपोर्ट मंगाकर मामले को लंबित रखा गया लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली गई। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने विभागीय कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया अदालत ने कहा कि गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है और केवल औपचारिक रिपोर्ट मंगाकर मामले को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता इसी के चलते न्यायालय ने प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को निर्देश दिया कि पूरे मामले की विधिसम्मत जांच कर 90 दिनों के भीतर अंतिम निर्णय लिया जाए हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब निगाहें नगरीय प्रशासन विभाग की जांच प्रक्रिया पर टिकी हैं। यदि जांच में वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय और कानूनी कार्रवाई का रास्ता खुल सकता है वहीं यदि आरोप असत्य पाए जाते हैं तो विभाग को भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर मिलेगा। नगर पालिका में करोड़ों रुपए के भुगतान से जुड़े इस मामले ने स्थानीय स्तर पर भी व्यापक चर्चा पैदा कर दी है आम नागरिकों और सामाजिक संगठनों की अपेक्षा है कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी हो ताकि सार्वजनिक धन के उपयोग को लेकर उठे सवालों का स्पष्ट जवाब सामने आ सके। हाईकोर्ट के इस निर्देश को वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता की शपथ लेकर किया पौधारोपण



**मीडिया ऑडीटर,सीहोर (निप्र)।** जन अभियान परिषद द्वारा अपने स्थापना दिवस पर सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में स्वैच्छिकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने समाज एवं राष्ट्रहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लेते हुए स्वैच्छिकता की शपथ ली। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक श्री प्रदीप सिंह सेंगर ने स्वैच्छिकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास में स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने जनभागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भाव को बढ़ावा देने के लिए सभी से सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया।

## 11 एवं 18 जुलाई को आयोजित होगी विशेष ई लोक अदालत एवं चेक बाउंस प्रकरण लोक अदालत

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार सीहोर जिला न्यायालय सहित आष्टा, भैरूंदा, बुधनी और इछावर के तहसील न्यायालयों में 11 जुलाई को विशेष ई-लोक अदालत तथा 18 जुलाई को धारा 138 एन. आई. एक्ट अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरणो के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रो में रहने वाले पक्षकारों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 11 जुलाई को सीहोर में विशेष ई-लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्री-लिटिगेशन एवं लंबित समस्त प्रकरणों को शामिल किया गया है। इसमें पक्षकारों की प्रीसिटिंग तथा प्रकरण के निराकरण आदि में यथा संभव वीडियो कान्फ्रेंसिंग या ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। इसी प्रकार 18 जुलाई को धारा 138 एन.आई.एक्ट चेक बाउंस के लंबित प्रकरणो की बड़ी संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पक्षकारो को त्वरित निराकरण से लाभांवित करने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें धारा 138 एन.आई.एक्ट के अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सिरोंज में सीएलसी प्रवेश चरण शुरू

**मीडिया ऑडीटर, विदिशा(निप्र)।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सिरोंज में सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) प्रवेश चरण प्रारंभ हो गया है। जिसकी अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह प्रवेश का अंतिम सुनहरा अवसर है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सिरोंज में सीएलसी राउंड के माध्यम से निम्न शाखाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिए जा रहे हैं जिनमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल है। इच्छुक अभ्यर्थी 04 जुलाई से 14 अगस्त 2026 के मध्य आवश्यक दस्तावेजों सहित महाविद्यालय पता पंडित दीन दयाल पार्क के पास सिरोंज में उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कराएं और अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र मो. 8319034281, 86304 77361 पर संपर्क करें।

## डेढ़ माह की बच्ची को छोड़कर जाने लगी महिला:सागर में लोगों ने पकड़कर पुलिस को बुलाया, पूछताछ में बोली-गर्भवती होने पर युवक छोड़कर भागा



**मीडिया ऑडीटर, सागर(निप्र)।** सागर रविवार को एक महिला अपनी डेढ़ माह की बच्ची को डिग्री कॉलेज के पीछे छोड़कर गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे देख लिया और तुरंत रोक लिया। लोगों ने बच्ची को सुरक्षित अपने पास रखा और पुलिस को सूचना दी। करीब आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। फिलहाल महिला से पूरे मामले में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे डायल-112 कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि डिग्री कॉलेज के पीछे एक महिला अपनी डेढ़ माह की बच्ची को छोड़कर जा रही है। सूचना देने वाले सुधीर जैन थे। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां लोग पहले से ही महिला और बच्ची को बैठाए हुए थे। लोगों ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस बच्ची को लेकर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज शुरू किया गया। वहीं गोपालगंज थाना पुलिस महिला से मामले में पूछताछ कर रही है।

**एक सप्ताह से बच्ची के साथ घूम रही थी महिला:** बताया जा रहा है कि महिला पिछले एक सप्ताह से बच्ची को लेकर अलग-अलग जगहों पर घूम रही थी। रविवार को वह सुरखी क्षेत्र में भी देखी गई थी। रात के समय वह बस स्टैंड के आसपास थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद उसे सागर जाने वाली बस में बैठाकर रवाना कर दिया था। इसके बाद महिला जिला अस्पताल के आसपास भी दिखाई दी थी।

## इटारसी नपा में 14.20 करोड़ भुगतान मामला:हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव को 90 दिन में जांच का आदेश दिया

**मीडिया ऑडीटर, इटारसी (निप्र)।** इटारसी नगर पालिका में 14.20 करोड़ रुपए के कथित अवैध भुगतान मामले में हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को 90 दिनों के भीतर मामले की विधिसम्मत जांच कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह मामला इटारसी के पत्रकार सुरेश कुमार चिंचवाड़ द्वारा दायर याचिका से संबंधित है। उनकी ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, आनंद शुक्ला और अपूर्व त्रिवेदी ने पक्ष रखा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका में 35 माह की अवधि में 14,20,51,378 रुपए का भुगतान मध्य प्रदेश नपा (लेखा एवं वित्त) नियम, 2018 के नियम 85(2) और शासन के 6 अगस्त 2022 के आदेश का उल्लंघन करते हुए किया गया।

# नर्मदापुरम में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की सख्ती

### सड़क किनारे लगी फल-सब्जियों के ठेले हटाएं, कचरा गाड़ी में भरे कैरेट और ठेले



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान होने वाले भारी ट्रैफिक जाम को देखते हुए प्रशासन ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सरिता मालवीय और नगर पालिका सीएमओ वैभव देशमुख की मौजूदगी में माखननगर रोड पर महिला थाना से कमिश्नर कार्यालय गेट तक कोर्ट की बाउंड्री से लगे फल और सब्जी के ठेलों को हटाया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चली कार्रवाई में 25 से अधिक ठेले और अस्थायी दुकानें हटाई गईं। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने विरोध और अधिकारियों से बहस की। प्रशासन ने सभी विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नगर पालिका द्वारा निर्धारित कोठी बाजार सब्जी मंडी में ही दुकान लगाएं। निर्देशों का पालन नहीं करने पर कुछ ठेले, फलों के कैरेट और अन्य सामान जब्त कर ट्रॉली में भरकर ले जाया गया।

**रविवार बाजार में लगता है भारी जाम:** हर रविवार शहर में साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसमें आसपास के गांवों से सैकड़ों किसान फल और सब्जियां बेचने आते हैं। सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से दुकानें लगने के कारण मुख्य मार्ग पर अक्सर लंबा जाम लग जाता है। इसी समस्या को देखते हुए प्रशासन ने यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने दुकानदारों से निर्धारित स्थान पर ही दुकान लगाने की अपील की, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

**शासकीय आवास परिसर में मिला ठेला और बिजली कनेक्शन:** कार्रवाई के दौरान टीम को एक शासकीय आवास की बाउंड्री के भीतर फल विक्रेता का ठेला और टीन से बनी अस्थायी दुकान मिली। वहां बिजली कनेक्शन भी उपलब्ध था। अधिकारियों ने ठेला और दुकान को तत्काल बाहर निकलवाया। तहसीलदार सरिता मालवीय ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। करीब 25 से अधिक ठेले और दुकानें हटाई गई हैं तथा कुछ सामान जब्त किया गया है। सभी विक्रेताओं के लिए कोठी बाजार सब्जी मंडी में स्थान निर्धारित किया गया है।

# युवाओं ने वृद्धाश्रम में बांटा अपनापन, वरिष्ठजनों की सेवा कर सीखे जीवन के मूल्य

### मेरा युवा भारत, जिला विदिशा द्वारा श्री हरि वृद्धाश्रम में अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**मीडिया ऑडीटर,विदिशा (निप्र)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत (MY Bharat), जिला विदिशा द्वारा समाज में सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से श्री हरि वृद्धाश्रम, विदिशा में अनुभवात्मक प्रशिक्षण (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, सहानुभूति और सेवा भाव से जोड़ते हुए उन्हें सामाजिक दायित्वों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था।

कार्यक्रम के दौरान युवा स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के साथ आत्मीय समय बिताया। उन्होंने वरिष्ठजनों से संवाद कर उनके जीवन संघर्ष, अनुभव और मूल्यों को जाना तथा उनसे प्रेरणा प्राप्त की। स्वयंसेवकों ने प्रेमपूर्वक भोजन परोसकर उनकी सेवा की, उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखा और उनके साथ बैठकर आत्मीय चर्चा की। इस दौरान मनोरंजक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिससे वृद्धजनों और युवाओं के बीच अपनत्व का भाव और अधिक प्रगाढ़ हुआ।

कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं ने समाज के प्रति अपने दायित्वों को निकट से समझा। वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और मार्गदर्शन से उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को सीखने का अवसर मिला। यह पहल पीढ़ियों के बीच संवाद को मजबूत करने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास साबित हुई।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक रोहन सैनी, विवेक नामदेव, शाश्वत जैन एवं लेखराज डांगी ने सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका निभाई। उनकी सेवा भावना और समर्पण की सभी ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर मेरा युवा भारत, जिला विदिशा की उप निदेशक श्रीमती आकांक्षा महावेरिया, एमटीएस श्री ओमप्रकाश नामदेव, श्री हरि वृद्धाश्रम के प्रबंधक सहित आश्रम के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, देखभाल एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। मेरा युवा भारत, जिला विदिशा ने भविष्य में भी समाज के विभिन्न वर्गों के हित में ऐसे जनकल्याणकारी एवं अनुभवात्मक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन जारी रखने का संकल्प दोहराया, ताकि युवाओं में सेवा, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भावना और अधिक सशक्त हो सके।

## मंदसौर की कॉलोनी में कुएं से निकले 20 कोबरा सांप,सर्प रक्षक ने सुरक्षित रेस्क्यू कर सभी को वन क्षेत्र में छोड़ा



**मीडिया ऑडीटर, मंदसौर (निप्र)।** मंदसौर शहर की संयम डायमंड कॉलोनी में शनिवार को एक घर के कुएं से लगभग 20 कोबरा सांप निकलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। यह घटना कॉलोनी निवासी भेरूलाल पटवारी के घर में हुई, जहां उनके कुएं में बड़ी संख्या में कोबरा सांप देखे गए। तत्काल सर्प रक्षक कमल दास बैरागी को इसकी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे सर्प रक्षक कमल दास बैरागी ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया। उन्होंने सभी करीब 20 कोबरा सांपों को सुरक्षित रूप से कुएं से बाहर निकाला। इस दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। सभी सांपों को पकड़ने के बाद, उन्हें वन्यजीव संरक्षण के नियमों का पालन करते हुए एक सुरक्षित प्राकृतिक स्थान पर छोड़ दिया गया। समय पर रेस्क्यू होने के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना टल गई। रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। सर्प रक्षक कमल दास बैरागी ने लोगों से अपील की कि बारिश के मौसम में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

# सीहोर में 35 दिन में 11 इंच बारिश रिकॉर्ड

### आष्टा में सर्वाधिक 15.75 इंच वर्षा,72 घंटे के लिए भारी बारिश का अलर्ट



**मीडिया ऑडीटर,सीहोर (निप्र)।** सीहोर जिले में इस मानसून सीजन में 1 जून से 5 जुलाई की सुबह तक कुल 11.05 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिला भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 8.98 इंच वर्षा से अधिक है। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 0.41 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। इस मानसून सीजन में अब तक आष्टा केंद्र पर सर्वाधिक 15.75 इंच वर्षा दर्ज की गई है, जबकि श्यामपुर में सबसे कम 6.41 इंच बारिश हुई है। आज के दैनिक आंकड़ों के अनुसार, जावर में सर्वाधिक 1.06 इंच और श्यामपुर में 0.87 इंच पानी बरसा। वहीं, बुधनी केंद्र पर आज कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई। इसके अतिरिक्त, पिछले 24 घंटों में रेहटी में 0.48 इंच, भैरुंदा में 0.43 इंच, आष्टा में 0.28 इंच, इछावर में 0.16 इंच और सीहोर केंद्र पर 0.04 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई।

**'भारी से अति भारी बारिश' का अलर्ट:** मौसम केंद्र भोपाल द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी के कारण पूरे पश्चिम मध्य प्रदेश सहित सीहोर जिले में मानसून की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगामी 48 से 72 घंटों के लिए जिले में गरज-चमक और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ 'भारी से अति भारी बारिश' का अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए, जिला प्रशासन ने नागरिकों को उफनते नदी-नालों, जलभराव वाले क्षेत्रों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

# सागर में छाए बादल, ग्रामीण इलाके में बारिश

### सीजन के 35 दिनों में 6.8 इंच औसत बरसात रिकॉर्ड, दिन का पारा 7 उछला



**मीडिया ऑडीटर,सागर (निप्र)।** सागर में मानसूनी सीजन के बीच मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। कभी बादलों के बीच हल्की बारिश हो रही है तो कभी उमसभरी गर्मी बढ़ने से लोग परेशान हैं।

मौसम में बदलाव के असर से दिन और रात के तापमान में उछाल आया है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 7.2 डिग्री का उछाल आया है। वहीं न्यूनतम पारा 2 डिग्री से अधिक बढ़ा है।

रविवार को सुबह से सागर के आसमान में बादलों का डेरा है। बादलों के बीच वातावरण में उमस बढ़ी है। इस समय अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम पारा 25.4 डिग्री सेल्सयस बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में आगामी 24 घंटों में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

**सीजन के 35 दिनों में 6.8 इंच औसत बारिश हुई:** इस साल सागर जिले में 30 जून को मानसून ने दस्तक दी थी। मानसून की दस्तक के बाद से लोग तेज बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के सीजन में 1 जून से अब तक जिले में 173.5 मिमी यानी 6.8 इंच औसत बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल 5 जुलाई तक 9.2 इंच औसत बारिश हुई थी।

इस प्रकार पिछले साल की तुलना में इस वर्ष जिले में 26 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में जिले के देवरी में 2 इंच से अधिक बारिश हुई। राहतगढ़, बीना, मालथौन, खुरई, बंडा, गढ़ाकोटा में भी बारिश दर्ज की गई।

# 115 टन मादक पदार्थ नष्ट, कीमत 200 करोड़ से अधिक

### मंदसौर, नीमच, रतलाम पुलिस ने 1040 प्रकरणों में जब्त ड्रग्स जलाए

**मीडिया ऑडीटर,मंदसौर (निप्र)।** मालवा बेल्ट के नीमच, मंदसौर और रतलाम जिलों में बरामाद मादक पदार्थों का नष्टीकरण शनिवार को किया गया। जब्त मादक पदार्थों को न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी होने तक सुरक्षित रखा जाता है और समय-समय पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका नष्टीकरण किया जाता है। तीनों जिलों के 1040 प्रकरणों में जब्त करीब 115 टन मादक पदार्थ नष्ट किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 200 करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है। इनमें एमडी, डोडाचूरा, अफीम, चरस, गांजा, ब्राउन शुगर सहित अन्य मादक पदार्थ शामिल रहे।

**फैक्ट्री में बॉयलर में डालकर जलाया गया:** नीमच जिले के नयागांव के नजदीक स्थित सीमेंट फैक्ट्री में शुक्रवार से शनिवार देर शाम तक बड़े स्तर पर मादक पदार्थ नष्टीकरण अभियान चलाया गया।



रतलाम रेंज के अंतर्गत आने वाले मंदसौर, नीमच और रतलाम जिलों की पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में जब्त किए गए नशीले पदार्थों को फैक्ट्री के बॉयलर में जलाकर नष्ट किया गया।

### तीनों जिलों से बरामद हुए थे मादक पदार्थ

प्रकरणों की बात करें तो मंदसौर के 600, नीमच के 300 और रतलाम के 140 मामलों में जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया। पहले नीमच और रतलाम जिले का माल नष्ट किया गया, इसके बाद मंदसौर जिले के जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण हुआ। आखिरी बार इतने पड़े पैमाने पर नष्टीकरण 2025 में किया गया था।

### नष्टीकरण के लिए विशेष समिति गठित की थी

रतलाम जिले के 21 पुलिस थानों, मंदसौर जिले के 16 थानों और नीमच जिले के करीब 10 थानों से जब्त मादक पदार्थ इस अभियान में नष्ट किए गए। पूरे अभियान के दौरान रतलाम रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल, मंदसौर एवं नीमच के एसपी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। डीआईजी निमिष अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार रतलाम रेंज के तीनों जिलों में जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया है।

## ढाकनी-मुगली मार्ग पर जलभराव, जिला प्रशासन ने नागरिकों से सुरक्षित मार्ग अपनाने की अपील



**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** लगातार हो रही वर्षा के कारण सीहोर जिले के ढाकनी-मुगली मार्ग पर पापनास नदी स्थित पुल पर पानी का बहाव बना हुआ है। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा दोनों ओर कोटवार एवं पुलिस दल की तैनाती की गई है, ताकि आवागमन पर सतत निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में जलभराव वाले पुल, पुलिया अथवा तेज बहाव वाले स्थानों को पार करने का प्रयास न करें। थोड़ी-सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। नागरिक केवल सुरक्षित एवं वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें तथा प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।



# बेथेल की तूफानी पारी

## इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 से बढ़त

**मैनचेस्टर,एजेसीं।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ शनिवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला गया टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। मेजबान टीम के लिए जीत के हीरो जैकब बेथेल रहे, जिन्होंने 76 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों देशों के बीच सीरीज का पहला मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा था। सीरीज के अगले मैच 7 जुलाई (नॉटिंघम), 9 जुलाई (ब्रिस्टल) और 11 जुलाई (साउथेम्प्टन) में खेले जाने हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 190 रन बनाए। 15 साल और 99 दिन की उम्र में डेब्यू करते हुए इतिहास रचने वाले वैभव सूर्यवंशी ने अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 29 गेंदों में 50 रन की साझेदारी की। वैभव 10 गेंदों में 2 छक्कों के साथ 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि अभिषेक ने 24 गेंदों में 1 छक्के और 8 चौकों के साथ 43 रन की पारी खेली।

मेहमान टीम ने 6 ओवरों में 65 के स्कोर तक अपने 2 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान श्रेयस अय्यर ने ईशान किशन के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 65 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अय्यर ने 22 गेंदों में 37 रन की पारी खेली, जबकि ईशान 40 गेंदों में 6 चौकों के साथ 49 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, तिलक वर्मा ने 11 गेंदों में 2 छक्कों और 1 चौके के साथ 24 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से सैम करन ने 3 विकेट निकाले, जबकि जोफ्रा आर्चर, विल जैक्स और लियाम डॉसन ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में इंग्लैंड ने 19 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड की टीम पारी की पहली ही गेंद पर फिलिप सॉल्ट (0) का विकेट गंवा चुकी थी। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर जोस बटलर (0) भी पवेलियन लौट गए।

इंग्लिश टीम ने महज 1 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान हैरी ब्रूक ने बेथेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 50 रन जोड़कर टीम को संभाला। ब्रूक 15 गेंदों में 3 छक्कों और 4 चौकों के साथ 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद बेथेल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने टॉम बैंटन (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन, जबकि सैम करन (7) के साथ 46 रन जुटाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बेथेल 46 गेंदों में 5 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 76 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि हर्षित राणा, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

**'यह उनका शॉट नहीं है'**

# वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू मैच में स्टंप आउट पर बोले सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली,एजेसीं।** वैभव सूर्यवंशी ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे ऋ20ढ्ढ के लिए भारत के लिए डेब्यू किया और 15 साल और 99 दिन की उम्र में भारत के सबसे युवा डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 16 साल और 205 दिन की उम्र में टेस्ट डेब्यू किया था और 16 साल और 238 दिन की उम्र में वनडे डेब्यू किया था। हालांकि सूर्यवंशी 10 गेंदों पर 14 रन बनाकर जैक्स की पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर स्टंप हो गए। पूर्व क्रिकेटर और भारत के महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि यह सूर्यवंशी का शॉट नहीं था। सोनी स्पोर्ट्स पर सूर्यवंशी के आउट होने पर चर्चा करते हुए गावस्कर ने कहा, 'यह उनका शॉट नहीं है। उनका शॉट कवर ड्राइव है।' इससे पहले गावस्कर ने सूर्यवंशी को 'भारत का बच्चा' कहा था। उन्होंने कहा, 'अगर वह पहली ही गेंद से अच्छा खेलने लगें तो मुझे हैरानी नहीं होगी। भारत में जो भी लोग मैच देख रहे होंगे, वे खुशी से झूम उठेंगे। वे सभी बहुत खुश होंगे क्योंकि वह अब भारत का बच्चा है। और हर कोई चाहता है कि उनका बच्चा अच्छा प्रदर्शन करे।' मैच की बात करें तो मेजबान टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे T20I में भारत को 4 विकेट से हराया और एक ओवर बाकी रहते हुए 191 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।


**'मैं हमेशा बेस्ट देने की कोशिश करूंगा'**

### भारत के लिए डेब्यू करने पर बोले वैभव सूर्यवंशी



**नई दिल्ली,एजेसीं।** वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में भारत के लिए डेब्यू करते हुए इतिहास रचा। वह टीम इंडिया की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वैभव ने 15 साल और 99 दिन की उम्र में डेब्यू किया। वैभव ने इंटरनेशनल डेब्यू करने के बाद फैंस, टीम के साथियों और सीनियर खिलाड़ियों का धन्यवाद किया है। मैच के बाद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' की स्टोरी पर भारत की जर्सी में अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए 15 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है और जब भी जरूरत होगी, वह अपना बेस्ट देते रहेंगे। उन्होंने लिखा, 'सभी मैसेज से बहुत खुश हूं। मेरे सभी शुभचिंतकों और सीनियर्स को आपके लगातार प्यार और सपोर्ट के लिए धन्यवाद। मैं अपने देश को प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर सच में बहुत शुक्रगुजार हूं, और मैं हमेशा अपनी टीम के लिए हर बार अपना बेस्ट देने की कोशिश करूंगा। आप सभी का हर चीज के लिए धन्यवाद।

## बार्सिलोना जा सकते हैं अल्वारेज़





बार्सिलोना अर्जेंटीना के स्टार स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज़ अब एटलेटिको मैड्रिड छोड़कर शीर्ष स्पेनिश क्लब बार्सिलोना जाना चाहते हैं। अर्जेंटीना की फीफा विश्व कप में ऑस्ट्रिया पर जीत के बाद अल्वारेज़ ने भी माना है कि वह अब एटलेटिको मैड्रिड से आगे बढ़ना चाहते हैं वहं दूसरी ओर एटलेटिको मैड्रिड इसके लिए तैयार नजर नहीं आता। अल्वारेज़ के अनुसार भविष्य के लिए ट्रांसफर सबसे बेहतर विकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले में क्लब के अधिकारियों के साथ बात कर रहे हैं। उन्होंने किसी क्लब का नाम नहीं लिया, लेकिन मौजूद जानकारी के अनुसार स्पेनिश दिग्गज बार्सिलोना में खेलने की उनकी इच्छा किसी से छिपी नहीं है। पिछले कुछ सप्ताह से बार्सिलोना, पेरिस सेंट जर्मेन (क्क्स्त्र) और आर्सेनल जैसे बड़े क्लबों का नाम जूलियन अल्वारेज़ के साथ जोड़ा जा रहा था। वहीं, स्पेन की मीडिया में लगातार यह दावा किया जा रहा है कि खिलाड़ी और बार्सिलोना के बीच व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति भी बन चुकी है। रिपोर्टों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पांच साल के अनुबंध को लेकर बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी है। हालांकि, एटलेटिको मैड्रिड ने इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा है। क्लब ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए साफ कहा है कि जूलियन अल्वारेज़ बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं। क्लब के अनुसार, यदि कोई टीम खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ना चाहती है तो उसे 500 मिलियन यूरो की रिलीज़ क्लॉज राशि का भुगतान करना होगा।

# ईशान बन सकते हैं बेहतर टेस्ट बल्लेबाज : श्रीकांत

**नई दिल्ली,एजेसीं।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा है कि आक्रामक सलामी बल्लेबाज ईशान किशन एक अच्छे टेस्ट बल्लेबाज बन सकते हैं पर उन्हें अवसर नहीं मिल रहा। श्रीकांत के अनुसार एक अच्छे टेस्ट बल्लेबाज बनने के लिए जिस प्रकार का कौशल चाहिये वह इस बल्लेबाज में है पर फिर भी उसे अवसर नहीं मिल रहा। साथ ही कहा कि ये निराशाजन बात है कि एक काबिल खिलाड़ी टीम में जगह हासिल नहीं कर पा रहा। ये एक प्रकार से उसकी प्रतिभा के साथ अन्याय है।

गौरतलब है कि करीब दो साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बाद, किशन हाल ही में टी20 विश्वकप से टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 50-ओवर के प्रारुप में भी

उन्होंने एक अच्छा शतक लगाया है। श्रीकांत के अनुसार उन्हें ईशान के खेलने का अंदाज अच्छा लगता है। इसी को देखते हुए इस पूर्व कप्तान का मानना है कि कि साल 2023 में कुछ टेस्ट मैच खेल चुके किशन टेस्ट में अवसर मिलने पर भी प्रभावित ही करेंगे। उन्होंने इस बल्लेबाज के खेल की सराहना करते हुए कहा, मैं ईशान किशन का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।



# विंबलडन 2026 में बड़ा उलटफेर, एलेक्जेंड्रा एला ने डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियातेक को हराया

**नई दिल्ली,एजेसीं।** विंबलडन 2026 में सेंटर कोर्ट पर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर देखने को मिला। फिलीपींस की 21 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला ने डिफेंडिंग चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 7-6 (11-9), 6-2 से हराकर तीसरे दौर से बाहर कर दिया।

पहला सेट 84 मिनट तक चला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन टाई-ब्रेक में एला ने शानदार संयम दिखाते हुए बढ़त बनाई और दूसरे सेट में पूरी तरह मैच पर कब्जा जमा लिया।

### एला ने रचा इतिहास

इस जीत के साथ एलेक्जेंड्रा एला ने अपने देश के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। दो दिन पहले ही वह ओपन एरा में किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में पहुंचने वाली पहली फिलीपीन खिलाड़ी बनी थीं और अब उन्होंने छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक को हराकर नया इतिहास रच दिया। यह स्वियातेक के खिलाफ एला की तीन मुकाबलों में दूसरी जीत भी रही। अब उनका सामना पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मिन पाओलिनी से होगा। अगर एला यह मुकाबला जीतती हैं तो 1953 फ्रेंच ओपन के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली फिलीपीन एकल खिलाड़ी बन जाएंगी। स्वियातेक की गलतियां पड़ीं भारी मैच के दौरान इगा स्वियातेक अपनी लय में नजर नहीं आईं। उन्होंने कुल 44 अनफोर्स्ड एरर किए, जिसका एला ने पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के टाई-ब्रेक में स्वियातेक के पास दो सेट प्वाइंट थे, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सकीं।



दूसरे सेट में एला ने 4-0 की बढ़त बना ली। स्वियातेक ने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन लगातार गलतियों और दो डबल फॉल्ट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### भावुक अंदाज में खत्म हुआ मुकाबला

आखिरी गेम भी काफी रोमांचक रहा। एला ने चार ब्रेक प्वाइंट बचाए और तीसरे मैच प्वाइंट पर दमदार फोरहैंड विनर लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

जीत के बाद वह खुशी से कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं, जबकि स्वियातेक बिना ज्यादा देर रुके कोर्ट से बाहर चली गईं। यह हार स्वियातेक की किसी ग्रैंड स्लैम में सबसे शुरुआती विदाई है, जब से वह दो साल पहले विंबलडन में तीसरे दौर में यूलिया पुतिन्त्सेवा से हारी थीं।

# अब डूरंड कप में खेलते दिखेंगे अभिनेता टाइगर श्रॉफ

**कोलकाता ,एजेसीं।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ अब एक नई पारी शुरु करने जा रहे हैं। टाइगर इसी महीने 25 जुलाई से शुरु हो रहे डूरंड कप फुटबॉल में खेलते नजर आयेंगे। टाइगर फिल्मों के साथ ही खेल के भी दीवाने रहे हैं और फुटबॉल के प्रति उनका प्यार समय-समय पर देखा गया है। इस बार वह पेशेवर फुटबॉलर के रूप में नई पारी की शुरुआत करने की तैयारी में हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर डूरंड कप में मुंबई एफसी की ओर से खेल सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक उनकी ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं माना जा रहा है कि उनके प्रशंसक जल्द ही उन्हें मैदान पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाते हुए देखेंगे।

टाइगर का फुटबॉल के प्रति प्रेम किसी से छिपा नहीं है। उन्हें अभिनय के अलावा फुटबॉल और वॉलीबॉल खेलना बेहद पसंद है। वे सिर्फ शौकिया तौर पर ही नहीं, बल्कि लंबे समय से स्थानीय स्तर के क्लबों के लिए फुटबॉल खेलते रहे हैं। बॉलीवुड के सबसे फिट अभिनेताओं में शामिल टाइगर, अक्सर सोशल मीडिया पर फुटबॉल खेलते हुए अपनी तस्वीरें और वीडियो साझा करते रहते हैं, जो उनके इस जुनून को दिखाता है। उनका शारीरिक कौशल और खेल प्रेम उन्हें फुटबॉल के मैदान पर भी एक मजबूत दावेदार बनाता है।

गौरतलब है कि टाइगर फुटबॉल में फॉरवर्ड पोजीशन पर खेलते हैं और उनके पास पहले से ही पेशेवर लीग में खेलने का अनुभव है। उन्होंने साल 2024 में मुंबई प्रीमियर लीग (एमपीएल) में मुंबई एफसी के लिए डेब्यू किया था, जहां वे क्लब के मार्की प्लेयर रहे। बॉम्बे जिमखाना के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में टाइगर ने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वे मुंबई प्रीमियर लीग के 2024-2025 सत्र के दौरान टीम से जुड़े रहे और इस दौरान उन्होंने क्लब के लिए कुल तीन घरेलू लीग मैच खेले।

एक तरफ जहां टाइगर अपनी खेल प्रतिभा से सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं उनके वर्क फ्रंट पर भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। उनकी आगामी फिल्मों में रैंबो, लग जा गले और हिटमैन जैसी एक्शन ड्रामा फिल्में शामिल हैं, जिनकी रिलीज का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनकी आखिरी रिलीज बागी-4 थी, जो सितंबर 2025 में आई थी और बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। हालांकि, टाइगर ने ऋतिक रोशन के साथ वॉर और अपनी सोलो फिल्म बागी-2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दी हैं, जिन्होंने उन्हें बॉलीवुड के सफल एक्शन स्टार्स में से एक बनाया है।बड़े पर्दे के एक्शन से लेकर फुटबॉल के हरे मैदान तक, टाइगर का यह नया कदम उनके बहुमुखी प्रतिभा को दिखाता है।

उनके प्रशंसकों को अब बेसब्री से इंतजार है कि वे डूरंड कप में फुटबॉल के मैदान पर कैसा प्रदर्शन करते हैं।



# मुख्यमंत्री 6 जुलाई को करेंगे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क सतगढ़ी का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास

## भोपाल को मिलेगा 25 एकड़ क्षेत्रफल का विश्वस्तरीय कन्वेंशन और एग्जिबिशन सेंटर ग्रीन और स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश को देश का अग्रणी औद्योगिक एवं निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिये औद्योगिक अधोसंरचना के विस्तार निवेश-अनुकूल वातावरण के निर्माण और रोजगार सृजन को गति देने के उद्देश्य से निरंतर प्रभावी पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजधानी भोपाल को आधुनिक औद्योगिक पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 6 जुलाई (सोमवार) को सतगढ़ी में विकसित किए जा रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास करेंगे राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा कार्यक्रम में देश और प्रदेश के लगभग 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपति, निवेशक और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे लगभग 173 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क भोपाल और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा। परियोजना में आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, उत्कृष्ट सड़क एवं परिवहन संपर्क, आईटी एवं एआई आधारित सुविधाएं, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स तथा भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा, जिससे निवेशकों को विश्वस्तरीय औद्योगिक वातावरण उपलब्ध हो सके यह परियोजना श्वर्क-लिव-ग्रोश् मॉडल पर आधारित होगी जहां उद्योगों के साथ कौशल विकास नवाचार और गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए आवश्यक सुविधाओं का समन्वित विकास किया जाएगा पार्क में उच्च मूल्य विनिर्माण गारमेंट टॉयज, आईटी, एआई, लॉजिस्टिक्स तथा उभरती तकनीकों से जुड़े उद्योगों को स्थापित करने की परिकल्पना की गई है इससे राजधानी में विविध औद्योगिक क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा और नए निवेश के अवसर सृजित होंगे। सतगढ़ी में विकसित हो रहा यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क कोलार क्षेत्र के विकास की दिशा भी बदलेगा अब तक मुख्य रूप से आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित कोलार आने वाले समय में निवेश उद्योग और रोजगार का नया केंद्र बनेगा परियोजना से 15 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है जिनका लाभ विशेष रूप से भोपाल और आसपास के युवाओं को मिलेगा इसके साथ ही बढ़ती औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्राप्त होगी परियोजना की एक विशेष उपलब्धि यहां विकसित किया जाने वाला विश्वस्तरीय कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर होगा। लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित यह परिसर 10 हजार से अधिक लोगों की क्षमता वाला होगा, जहां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निवेशक सम्मेलन, औद्योगिक प्रदर्शनियां, व्यापारिक आयोजन और वैश्विक व्यवसायिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे इससे भोपाल को मध्य भारत के प्रमुख एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेन्टिव्स कॉन्फ्रेंसेस एण्ड एग्जिबिशन) गंतव्य के रूप में नई पहचान मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण आधार मिलेगा रणनीतिक दृष्टि से भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है सतगढ़ी क्षेत्र राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, कोलार रोड तथा प्रस्तावित वेस्टर्न बायपास से बेहतर संपर्क के कारण निवेशकों के लिए सुविधाजनक औद्योगिक गंतव्य के रूप में विकसित होगा।

## शाहपुर पंचायत में पीसीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शाहपुर ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन पीसीसी सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं उनका कहना है कि सड़क निर्माण में सीमेंट, गिट्टी और बालू का निर्धारित अनुपात अपनाने के बजाय जंगल से लाए गए पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए वन क्षेत्र से पत्थर लाकर उनका उपयोग किया जा रहा है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण निर्माण कार्य की गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय उपयंत्री, पंचायत सचिव और सरपंच की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है आरोप यह भी हैं कि निर्माण कार्य का भुगतान कार्य पूर्ण होने से पहले ही निकाल लिया गया जबकि मौके पर गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत से मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, भुगतान प्रक्रिया और कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है प्रशासन की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जा सकती है।

## निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर 6 से 8 जुलाई तक

मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)। म.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है यह शिविर 6 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक संजीवनी हॉस्पिटल कामता टोला सतना में आयोजित होगा सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग सतना द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ना है, ताकि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल सके। श्रम विभाग द्वारा आसपास के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

## गेहूं उपार्जन के बाद भुगतान का इंतजार, आर्थिक संकट से जूझ रहीं सहकारी समितियां



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां इन दिनों भुगतान लंबित होने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं। समितियों का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार गेहूं उपार्जन का कार्य समय पर और सफलतापूर्वक पूरा करने के बावजूद अब तक मजदूरी, धागा, स्टैकिंग और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही पिछले धान उपार्जन के कई मदों का भुगतान भी अब तक लंबित है समिति प्रबंधकों के अनुसार गेहूं खरीदी के दौरान मजदूरों की मजदूरी, बोरियों की सिलाई के लिए धागा, अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए स्टैकिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं पर समितियों ने अपने संसाधनों से खर्च किया था। शासन की निर्धारित प्रक्रिया के तहत इन खर्चों की प्रतिपूर्ति होनी थी, लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी राशि समितियों के खातों में नहीं पहुंची है प्रबंधकों का कहना है कि भुगतान में देरी के कारण कई समितियों को स्थानीय स्तर पर उधार लेकर उपार्जन कार्य संचालित करना पड़ा। अब देनदारियां बढ़ने से समितियों के सामने दैनिक संचालन और वित्तीय प्रबंधन की समस्या खड़ी हो गई है। उनका कहना है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आगामी खरीफ और रबी उपार्जन व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है समितियों के अनुसार समय पर राशि नहीं मिलने से मजदूरों का भुगतान, आवश्यक सामग्री की खरीद और अन्य व्यवस्थाएं बाधित होने की आशंका है जिससे किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है समिति प्रबंधकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से गेहूं एवं धान उपार्जन से जुड़े सभी लंबित भुगतानों को शीघ्र जारी करने की मांग की है उनका कहना है कि समय पर भुगतान होने से समितियां आर्थिक दबाव से मुक्त होकर किसानों की बेहतर सेवा कर सकेंगी और भविष्य में भी शासन की उपार्जन योजनाओं का प्रभावी ढंग से संचालन सुनिश्चित कर पाएंगी अब समितियों की निगाहें प्रशासन के फैसले पर टिकी हैं।

## करंट के जाल में फंसकर बाघ की मौत, शव दफनाकर सबूत मिटाने की साजिश, 8 आरोपी चिन्हित



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र के बिछियन जंगल में बाघ के शिकार का सनसनीखेज मामला सामने आया है वन विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि बाघ की मौत जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाए गए करंट के जाल में फंसने से हुई थी घटना के बाद आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से बाघ के शव को जंगल में गड्ढा खोदकर दफना दिया और सबूत मिटाने की पूरी कोशिश की इस मामले में शनिवार देर शाम तक 8 आरोपियों की पहचान की जा चुकी है इनमें से एक आरोपी के घर से बाघ के दो नाखून भी बरामद हुए हैं जांच के दौरान वन विभाग की टीम ने आरोपी रामकुशल कोल के घर से बाघ के दो नाखून बरामद किए इस मामले का मुख्य आरोपी प्रेम सिंह गोड़ बताया जा रहा है जो वन विभाग के चौकीदार मिन्नता सिंह गोड़ का भाई है आरोप है कि प्रेम सिंह ने जंगली सुअर का शिकार करने के उद्देश्य से जंगल में करंट का जाल बिछाया था जिसमें दुर्भाग्यवश बाघ फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई वन विभाग के अनुसार घटना के बाद आरोपियों ने मिलकर बाघ के शव को जंगल में दफनाया ताकि किसी को इसकी भनक न लगे यह मामला करीब दो महीने तक दबा रहा मुखबिर से सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने करिया बीट के जंगल में खुदाई कर बाघ के क्षत-विक्षत अवशेष बरामद किए लंबे समय तक जमीन में दबे रहने के कारण शव पूरी तरह सड़-गल चुका था फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मृत बाघ नर था या मादा तथा उसकी उम्र कितनी थी इसका खुलासा फॉरेंसिक जांच और डीएनए परीक्षण के बाद होगा मझगवां रेंजर रंजन सिंह परिहार ने बताया कि अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है आरोपी मिन्नता सिंह गोड़ से पुलिस रिमांड पर पूछताछ की जा रही है जबकि रामकुशल कोल को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है पांच अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं और उनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है वन विभाग आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड भी खंगाल रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे पहले भी वन्यजीव शिकार या अवैध गतिविधियों में शामिल रहे हैं या नहीं इस घटना ने एक बार फिर वन्यजीव संरक्षण और जंगलों में अवैध शिकार पर निगरानी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जन्मदिन पर रक्तदान कर दिया सेवा का संदेश, सतना फोटोग्राफी ट्रेड एसोसिएशन के 13 सदस्यों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** समाजसेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए सतना फोटोग्राफी ट्रेड एसोसिएशन ने रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने अपने जन्मदिन को समाजसेवा से जोड़ते हुए स्वयं रक्तदान किया और अन्य सदस्यों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया उनके आह्वान पर कुल 13 सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी योगदान दिया रक्तदान करने वालों में वीरेन्द्र तिवारी, सोमदेव मिश्रा, शंकर वर्मा, रोहित सिंह, दीपक गुप्ता, विनीत सोनी, रामचंद्र गुप्ता (रामू), प्रदीप चौरसिया, के.सी. गुप्ता (छोटू), आकाश गुप्ता (विक्की), सुशील सेन, अनिल आर्ट (अर्जुन गुप्ता) और रावेन्द्र सिंह शामिल रहे सभी रक्तदाताओं ने नियमित रूप से रक्तदान करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया इस अवसर पर अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर समाजहित के कार्यों से जोड़ना अधिक सार्थक है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज की जान बचा सकता है उन्होंने स्वस्थ नागरिकों से समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की शिविर के दौरान ब्लड बैंक की ओर से लक्ष्मीकांत वर्मा, पिंटू, अनिल गुप्ता, दीपक रैकवार, संजीत भारती, रिंकू वर्मा और विनोद पंडित ने रक्तदाताओं का मार्गदर्शन किया तथा रक्तदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन ने सभी रक्तदाताओं ब्लड बैंक के चिकित्सकीय स्टाफ और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया मीडिया प्रभारी शंकर वर्मा ने बताया कि संस्था भविष्य में भी रक्तदान स्वास्थ्य जागरूकता और समाजसेवा से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करती रहेगी ताकि अधिक से अधिक लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके।

## नशे के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा, पति-पत्नी गिरफ्तार, कफ सिरप और 550 नशीली गोलियां जब्त



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है दोनों शहर में नशीली कफ सिरप और प्रतिबंधित गोलियों की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा और बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए पुलिस के अनुसार, आरोपी अजय अग्रवाल उर्फ बंटा को चांदनी टॉकीज के पास से गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 14 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप और एक बिना नंबर का ई-रिक्शा जब्त किया गया। बरामद कफ सिरप की अनुमानित कीमत करीब 32,520 रुपये बताई गई है अजय से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी पत्नी सुनीता अग्रवाल को रामना टोला स्थित उनके घर के पास से गिरफ्तार किया तलाशी के दौरान उसके पास से प्रतिबंधित नशीली दवाओं के 55 पत्ते, यानी कुल 550 टैबलेट बरामद की गईं। आरोपियों के पास इन दवाओं के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अजय अग्रवाल पहले से ही नशे के अवैध कारोबार से जुड़े कई मामलों में आरोपी रहा है पुलिस का कहना है कि उसने अपनी पत्नी को भी इस धंधे में शामिल कर लिया था और दोनों मिलकर शहर के विभिन्न इलाकों में नशीली कफ सिरप तथा प्रतिबंधित गोलियों की बिक्री कर रहे थे सिटी कोतवाली पुलिस को 4 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी जिसके आधार पर कार्रवाई की गई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खेल पुरस्कार 2026 हेतु आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित, ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित खेल पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल हैं इच्छुक खिलाड़ी 10 जून से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं विभाग द्वारा यह चयन प्रक्रिया नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार की जाएगी जिसमें वर्ष 2021 से 31 मार्च 2026 तक की खेल उपलब्धियों को आधार बनाया जाएगा। इस दौरान साहसिक खेलों जैसे जल, थल एवं वायु आधारित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी एकलव्य एवं विक्रम पुरस्कार के लिए पात्र होंगे आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइटों और अनुदान मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन की प्रति (पंजीयन क्रमांक सहित), खेल प्रमाण-पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय अथवा संचालनालय, टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में 31 जुलाई 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना/मैहर ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जाएगा विभाग ने खिलाड़ियों से समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है ताकि योग्य खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हो सके।

## सतना-रीवा बाईपास फ्लाईओवर की गुणवत्ता पर सवाल, बाहर निकली सरियों से हादसे का खतरा, जांच की उठी मांग









**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना-रीवा बाईपास स्थित फ्लाईओवर एक बार फिर निर्माण गुणवत्ता को लेकर चर्चा में है फ्लाईओवर के कई हिस्सों में कंक्रीट के भीतर लगी लोहे की सरिए (रॉड) बाहर निकलती दिखाई दे रही हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति न केवल निर्माण में संभावित लापरवाही की ओर इशारा करती है बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकती है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फ्लाईओवर के किनारों और कुछ अन्य स्थानों पर कंक्रीट उखड़ने के कारण सरिए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसी निर्माण में सरिए खुली रह जाएं तो समय के साथ उनमें जंग लगने की आशंका बढ़ जाती है जिससे संरचना की मजबूती प्रभावित हो सकती है। हालांकि, फ्लाईओवर की वास्तविक तकनीकी स्थिति का आकलन केवल विशेषज्ञों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई है कि बाहर निकली सरिए दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई गंभीर हादसा हो सकता है। लोगों ने फ्लाईओवर का विस्तृत तकनीकी निरीक्षण कराकर दोषपूर्ण हिस्सों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है स्थानीय नागरिकों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग से पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि यदि निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता या मानकों की अनदेखी हुई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार सार्वजनिक परियोजनाओं में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता फिलहाल इस मामले में संबंधित विभाग या निर्माण एजेंसी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है ऐसे में फ्लाईओवर की गुणवत्ता और बाहर निकली सरियों के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होना अभी बाकी है नागरिकों की मांग है कि प्रशासन शीघ्र तकनीकी जांच कराकर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करे ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।